26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 24 अगस्त , 2026

अंक- 300 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# शाहनवाज राणा के ठिकानों पर ईडी की रेड

## 'बोल बम' का स्टिकर लगी गाड़ियों से पहुंचे अफसर



**मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )।** पूर्व बसपा विधायक शाहनवाज राणा से जुड़े 3 ठिकानों पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की। ईडी की टीम सुबह करीब 8 बजे 12 गाड़ियों से पहुंची। किसी को शक न हो, इसलिए गाड़ियों पर 'बोल बम' के स्टिकर लगा रखे थे। गेट पर 50 पुलिसकर्मियों के अलावा सीआरपीएफ के जवान तैनात हैं। किसी को परिसर के अंदर जाने या बाहर आने नहीं दिया जा रहा है। परिसरों में अफसर दस्तावेज खंगाल रहे हैं। जिन जगहों पर रेड चल रही है, उनमें मेरठ रोड पर पूर्व विधायक का घर 'राणा हाउस', उनके अखबार का दफ्तर और मॉडल टाउन में 'जम्मूदीप इंपोर्ट-एक्सपोर्ट' का ऑफिस शामिल है। **विस्तृत खबर पेज 11 पर**

# राहुल अर्बन-नक्सलियों के हाथों देश को बर्बाद करना चाहते हैं- योगी

### अजय राय की बेशर्मी देखिए, हनुमानगढ़ी में दंडवत हुए, राम-राम चिल्लाए, बाहर मछली की दावत उड़ाई

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राय बरेली में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो समाज अपने पूर्वजों को विस्मृत करता है, उसका कोई भविष्य नहीं होता। दुर्भाग्य से भारत की परंपरा और मूल्यों को विस्मृत करके भ्रम में डालकर एक ठेका ले लिया गया है और भारत के खिलाफ षडयंत्र किया जा रहा है। योगी ने कहा कि मैं पिछले दिनों रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के बयान को पढ़ रहा था। महाराष्ट्र में उन्होंने बयान दिया कि महिलाएं मनुस्मृति के बंधन को तोड़कर बाहर आ जाएं।



मुख्यमंत्री योगी यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि राहुल गांधी से ये देश बहुत अपेक्षा नहीं करता, लेकिन भारत की संसद में नेता प्रतिपक्ष के रूप में आपको देश के लोकतंत्र के रूप में जवाबदेह बनाता है। आपने संविधान की शपथ ली थी, लेकिन आप भारत की परंपरा को विरासत को कोसना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। यूपी के बाहर जाते हैं तो यूपी को लांछित और अपमानित करते हैं। भारत के बाहर जाते हैं तो भारत का अपमान करते हैं। भारत की सेना जब सीमाओं पर लड़ती है तो आप भारतीय सेना से प्रमाण मांगते हैं। आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में देशद्रोही तत्वों को प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहित करते हैं। अयोध्या में भगवान राम के अस्तित्व पर आपकी पार्टी प्रश्न खड़ा करती है और लोकतंत्र के प्रति आपकी निष्ठा क्या है? 1975 में इस देश ने आपातकाल के काले साये को देखा है। मनु को जानना है तो अथर्ववेद पढ़िए। मत्स्य पुराण पढ़िए, सारी जानकारी मिल जाएगी। बता दें कि राहुल गांधी ने एक कार्यक्रम के दौरान शनिवार को कहा था कि महिलाएं स्वयं की होती हैं, न कि अपने पिता, पति या पुत्रों की। उन्होंने मनुस्मृति के उस नियम को शर्मनाक बताया जिसमें कहा गया है कि एक महिला को अपने जीवन के हर चरण में पुरुष रिश्तेदारों के अधिकार में रहना चाहिए।

# मोदी सरकार में 547 करोड़ से चमके मंत्रियों के बंगले?

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। कॉकरोच जनता पार्टी ने लुटियंस दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के सरकारी बंगलों के रखरखाव पर होने वाले खर्च को लेकर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने कहा है कि जिस रकम को मंत्रियों के आलीशान सरकारी बंगलों के रखरखाव पर खर्च किया जा रहा है, उसका इस्तेमाल सरकारी स्कूलों की बुनियादी सुविधाएं सुधारने में किया जा सकता था। सूचना के अधिकार से मिली जानकारी पर आधारित आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 12 वर्षों में केंद्रीय मंत्रियों के आवासों के रखरखाव पर कुल 547.68 करोड़ खर्च किए गए हैं। यह मुद्दा पीटीआई की एक रिपोर्ट सामने आने के बाद उठा, जिसमें दावा किया गया कि केंद्रीय मंत्रियों के सरकारी आवासों के रखरखाव पर होने वाला सालाना खर्च 2014-15 में करीब 27 करोड़ था। यह राशि 2025-26 में बढ़कर रिकॉर्ड 92 करोड़ तक पहुंच गई। इन आंकड़ों को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी ने सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि जब सरकारी स्कूलों में आज भी बुनियादी सुविधाओं की कमी है, तो बड़ी रकम मंत्रियों के बंगलों के रखरखाव पर क्यों खर्च की जा रही है। कॉकरोच जनता पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर की। पार्टी ने लिखा कि अपने शानदार बंगलों को ठीक करना बंद करो और स्कूलों को ठीक करो!

आवश्यकता हैं

बिजनौर शहर में छात्राओं हेतु PG की आवश्यकता हैं इच्छुक व्यक्ति निम्न नंबर पर संपर्क करे .

8192005001

# पाकिस्तान में 12-12 घंटे बिजली कटौती

इस्लामाबाद ( चिंगारी )। पाकिस्तान के इस्लामाबाद, रावलपिंडी और कराची जैसे बड़े शहर बिजली कटौती से परेशान हैं। सबसे खराब हालात कराची में हैं, जहां 12-12 घंटे बिजली कटौती हो रही है। कराची में बिजली कटौती के खिलाफ लोगों ने प्रदर्शन किया, कई घंटे सड़कें जाम रखीं। इस प्रदर्शन से शहर में ट्रैफिक ठप हो गया और हजारों लोग जाम में फंस गए। डॉन अख़बार के मुताबिक, लोगों ने बताया कि उन्हें रोज 12 घंटे या उससे ज्यादा बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि कई बार कटौती की जानकारी भी नहीं दी जाती। बिजली नहीं होने पर पंपिंग स्टेशन बंद रहते हैं। इससे पानी की सप्लाई भी रुक रही है। प्रदर्शन में शामिल व्यापारियों ने कहा- बिजली की सप्लाई न होने से कारोबार को काफी नुकसान हो रहा है। प्रदर्शन और जाम का भी लोगों पर बुरा असर पड़ा।

बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE



नोएडा-गुड़गाड़ के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ

डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

अब

सप्ताह में दो दिन बिजनौर में

बृहस्पतिवार -बिजनौर

शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान

बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।

किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# संगीता सिंह बनीं मुरादाबाद मंडलायुक्त

## आंजनेय कुमार सिंह को नहीं मिला सेवा विस्तार

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** लंबे समय से मुरादाबाद मंडल के मंडलायुक्त पद पर तैनात रहे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आंजनेय कुमार सिंह की उत्तर प्रदेश में प्रतिनियुक्ति अवधि पूरी हो गई है। उनका सातवां सेवा विस्तार 14 अगस्त 2026 को समाप्त हुआ और सरकार की ओर से आठवां सेवा विस्तार नहीं दिया गया। इसके बाद अब उन्हें उनके मूल कैडर सिक्किम वापस भेजे जाने का रास्ता साफ हो गया है। आंजनेय कुमार सिंह मार्च 2021 से मुरादाबाद मंडल के मंडलायुक्त पद पर तैनात थे और करीब साढ़े पांच वर्ष तक इसी पद पर रहने का रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले वह रामपुर के जिलाधिकारी भी रह चुके हैं और आजम खान से जुड़े प्रशासनिक मामलों को लेकर खास तौर पर सुर्खियों में रहे।

अब अलीगढ़ मंडल की मंडलायुक्त रहीं श्रीमती संगीता सिंह को मुरादाबाद मंडल का नया मंडलायुक्त नियुक्त किया गया है। संगीता सिंह अलीगढ़ मंडल में प्रशासनिक और विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर सक्रिय रही हैं।

### जौहर यूनिवर्सिटी मामले पर भी रहेगी नज़र

मुरादाबाद मंडल के नये मंडलायुक्त के सामने सबसे चर्चित मामलों में से एक आजम खान की मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण से जुड़ा मामला भी रहेगा। इस मामले में रामपुर विकास



प्राधिकरण ने 15 जुलाई 2026 को 40 में से 38 भवनों को अवैध निर्माण मानते हुए ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया था। इसके खिलाफ यूनिवर्सिटी प्रबंधन और जौहर ट्रस्ट ने मंडलायुक्त न्यायालय में चुनौती दी थी।

27 जुलाई को आंजनेय कुमार सिंह की अदालत ने ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगाई थी और 13 अगस्त की सुनवाई के बाद अगली तारीख 25 अगस्त तय की गई है।

अब सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि नई मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह के कार्यभार संभालने के बाद जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े इस बेहद महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई किस दिशा में आगे बढ़ती है और 25 अगस्त की सुनवाई में क्या रुख सामने आता है।

## कांवड़ियों की सेवा कर शादाब सुल्तान ने पेश की हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की मिसाल



**नगीना ( चिंगारी )।** सावन के पावन माह में हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे कांवड़ियों की सेवा के लिए विभिन्न स्थानों पर सेवा शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में एजुकेशन ट्री के चेयरमैन शादाब सुल्तान रईन ने अपनी टीम के साथ रामलीला बाग के मोड़ पर कांवड़ियों के लिए फल और पानी की व्यवस्था कर शिवभक्तों की सेवा की।

शादाब सुल्तान रईन ने टीम के सदस्यों के साथ सड़क से गुजर रहे कांवड़ियों को फल और पानी वितरित किया। तेज धूप और लंबी यात्रा के बीच सेवा पाकर कांवड़ियों ने भी आयोजकों का आभार जताया। इस दौरान सेवा करने वालों में उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर जुहैब शम्सी, सभासद अरीब रईन, लक्की मित्तल, आदित्य सिंह, सत्तू मल्होत्रा, मोहम्मद शनावर, चाहत गौतम और प्रियांशी सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शादाब सुल्तान रईन ने कहा कि सेवा और मानवता किसी धर्म की सीमा में बंधी नहीं होती। कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों की सेवा करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और हिंदू-मुस्लिम भाईचारे को मजबूत करने का काम करते हैं। इस पहल की स्थानीय लोगों ने भी सराहना की।

## चीनी एक सप्ताह में 777 रुपये महंगी

### सरसों तेल 218 रुपये चढ़ा

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चीनी 777 रुपये और सरसों तेल 218 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। चावल में भी तेजी रही, जबकि दूसरे खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। गेहूं में नरमी रही। बीते सप्ताह मीठे के बाजार में गुड़ का औसत भाव 777 रुपये चढ़कर 5,570 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। चीनी के दाम भी 323 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गये। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 49 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 4,105 रुपये प्रति क्विंटल हो गयी। गेहूं 22 रुपये सस्ता हुआ और 2,838 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे का भाव भी 12 रुपये घटकर 3,310 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान चना दाल की औसत कीमत 106 रुपये और मसूर दाल की 78 रुपये बढ़ गयी। तुअर दाल 17 रुपये और मूंग दाल 14 रुपये मजबूत हुई। उड़द दाल 49 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। बीते सप्ताह सरसों तेल का औसत भाव 218 रुपये और सोया तेल का 111 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। मूंगफली तेल 85 रुपये और वनस्पति 37 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल 84 रुपये और सूरजमुखी तेल 19 रुपये फिसल गया।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

शिवभक्ति से ही जीवन का कल्याण संभव
- रामदास जी महाराज ( पेज 13 )



# शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## सावन के अंतिम सोमवार को व्रत रखा, जल चढ़ाया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सावन के चौथे एवं अंतिम सोमवार को शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह तड़के से ही भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचने लगे। शहर के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय नजर आया।

श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन कर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए।

सुबह से ही मंदिरों के आसपास श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। कई भक्त पैदल ही शिवालयों तक पहुंचे। मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन का दौर भी चलता रहा। श्रद्धालुओं ने सावन के अंतिम सोमवार को विशेष महत्व बताते हुए भगवान शिव की आराधना की और व्रत-पूजन किया।

शहर के प्रमुख शिव मंदिरों में भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंध समितियों और स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं की व्यवस्था संभाली। भक्तों को कतारबद्ध तरीके से मंदिर में प्रवेश कराया गया। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था भी बनाए रखी गई।

सावन के अंतिम सोमवार के चलते बाजारों में भी चहल-पहल दिखाई दी। श्रद्धालुओं का कहना था कि सावन के अंतिम सोमवार पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने से मन को शांति मिलती है और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। श्रद्धा और आस्था के साथ भक्तों ने सावन के अंतिम सोमवार का पर्व मनाया।

# नौ वर्षीय बच्ची से अश्लील हरकत, आरोपी गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति पर अपनी नौ वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर बाग में ले जाने और उसके साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। बच्ची द्वारा इशारे से आरोपी की पहचान किये जाने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

महिला के अनुसार, करीब 18-20 दिन पहले दोपहर लगभग 1:30 बजे उसकी नौ वर्षीय पुत्री घर के बाहर खेल रही थी। कुछ देर बाद वह घर लौटी तो उसकी हालत ठीक नहीं थी और वह कुछ बोल पाने में असमर्थ थी। परिजनों ने उसका उपचार कराया, जिसके बाद उसकी तबीयत में सुधार हुआ। महिला ने तहरीर में बताया कि शुक्रवार को एक व्यक्ति उनकी गली में घूमता दिखाई दिया। बच्ची ने उसे देखते ही हाथ के इशारे से पहचान की। महिला का आरोप है कि बच्ची ने इशारे से बताया कि उक्त व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर घर के पीछे स्थित बाग में ले गया था और वहां उसके साथ अश्लील हरकत की। महिला ने आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

**मामला संज्ञान में है। संबंधित धाराओं में साकिब पुत्र नाजिम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है।**

**-अंजनी कुमार चतुर्वेदी, सीओ धामपुर**

# मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति क्षतिग्रस्त मिलने से ग्रामीणों में नाराजगी, पुलिस ने कराई मरम्मत

**स्योहारा ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव रफीपुर स्थित मंदिर में सोमवार सुबह मां दुर्गा की मूर्ति का हाथ क्षतिग्रस्त मिलने से ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई। पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने मूर्ति की स्थिति देखी तो उन्होंने ग्रामीणों को सूचना दी। कुछ ही देर में मंदिर परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई।

ग्रामीणों की सूचना पर स्योहारा पुलिस मौके पर पहुंची और मूर्ति का निरीक्षण किया। पुलिस ने ग्रामीणों से घटना के संबंध में जानकारी ली तथा स्थिति को शांत कराया। इसके बाद क्षतिग्रस्त हाथ की मरम्मत करा दी गई। पुलिस की कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने संतोष जताया।

ग्रामीणों ने पुलिस से मांग की कि मूर्ति किस परिस्थिति में क्षतिग्रस्त हुई, इसकी जांच की जाए। यदि किसी व्यक्ति ने जानबूझकर मूर्ति को नुकसान पहुंचाया है तो उसकी पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

थाना अध्यक्ष संजय कुमार तोमर ने बताया कि मूर्ति का हाथ थोड़ा सा क्षतिग्रस्त हुआ था, उसकी मरम्मत करा दी गई है। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर ग्रामीण संतुष्ट हैं और गांव में शांति व्यवस्था कायम है। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर में स्थापित मूर्ति के शेर की पूंछ पहले से ही टूटी हुई थी। पुलिस ने ग्रामीणों से शांति बनाये रखने की अपील की है। घटना के बाद पुलिस स्थिति पर नजर रख रही है।

# मो. शाद ने कुरआन हिफ़्ज किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला पतियापाड़ा निवासी सलीम अहमद के 13 वर्षीय पुत्र मो. शाद के हाफिज कुरान बनने पर उनका मुंह मीठा कराया गया। मो. शाद ने मौलाना मौ. फैसल व हाफिज महताब अहमद की निगरानी में कुरान मुकम्मल किया। मो. शाद के हाफिज कुरान बनने पर उनके घरवालों को लोग मुबारकबाद दे रहे हैं।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर हीरो लाया है
अपने स्कूटर्स पर शानदार ऑफर
Hero
HERO KA SCOOTER, SCOOTER KA HERO

Cash Discount 3000/-
Cash Discount 2100/-
Cash Discount 5000/-
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध मात्र 9999 के डाउन पेमेंट पर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

# अबकी बार, चीनी 70 पार

अब आपको महंगाई का 'म' भी याद नहीं आता सरकार। क्या कहकर सत्ता में आये थे, बहुत हुई महंगाई की मार, अबकी बार मोदी सरकार। लेकिन आपके राज में तो महंगाई की मार, हो गई हद से पार, फिर भी क्यों चुप हो सरकार। तब तो स्मृति ईरानी गले में गंठी बांध कर कांग्रेस हाय-हाय करती फिरती थीं। भाजपा की सारी नेतानियां सिर पर खाली सिलेंडर रखकर छाती पीटा करती थीं। भगवा ब्रिगेड बैलगाड़ी पर लदकर महंगे पेट्रोल के विरुद्ध जुलूस निकाला करती थी। याद है ना वो दौर, जब सारे भाजपाई मनमोहन सिंह की खिल्ली उड़ाया करते थे। एक महाज्ञानी प्रधानमंत्री को सिर्फ इसलिये निशाने पर लिया जाता था, क्योंकि वह कम बोलता था। हालांकि मनमोहन सिंह जब बोलते थे, तो सारी दुनिया उन्हें सुनती थी। खैर वो दौर ही कुछ और था। आप तो बड़े गाजे-बाजे के साथ आये थे ना। कहा था रामराज लायेंगे। अलग चाल, चरित्र, चेहरा दिखायेंगे। हमारे राज में सब चंगा होगा। न महंगाई होगी, न भ्रष्टाचार। न किसी से अन्याय होगा, न अत्याचार। सबका साथ, सबका विकास होगा। मगर ये तो उल्टी गंगा बह निकली। महंगाई चरम पर है, और भ्रष्टाचार का तो पूछिये मत। किसी से भी पूछ लीजिए, बतायेगा पिछले 10-12 साल में रिश्वत के रेट 20 गुना हो गये हैं। अन्याय का हाल ये है कि अदालत का काम बुलडोजर से किया जा रहा है। आदमी का नाम और पोशाक देखकर काम/फैसले हो रहे हैं। अभी गंगा का जिक्र आया था। क्या कहा था मोदी जी ने, कि मुझे गंगा मैया ने बुलाया है। मगर बेचारी गंगा का क्या हाल है। अरबों-खरबों बहाकर भी गंगा और मैली हो गई। अलबत्ता, गंगा की सफाई और स्वच्छता के नाम पर सत्ता में बैठे लोगों और दलालों ने जरूर बहती गंगा में खूब हाथ धोये हैं। बात चल रही थी, महंगाई की। हिन्दुस्तान के इतिहास में पहली बार चीनी के दाम 70 रुपये किलो तक पहुंच गये हैं। कहते थे देश में पेट्रोल चीन के भाव पर मिला करेगा, लेकिन अब चीनी पेट्रोल की बराबरी करने पर आमादा है। गन्ने का दाम 20 रुपये भी बढ़ाते हैं तो किसानों पर बड़ा अहसान करते हैं, अब चीनी 70 तक पहुंच गई, मुनाफाखोरों ने अपनी तिजोरी भर ली, मगर सारे सत्ताधारी चुप हैं। तर्क दिया जा रहा है कि इथेनाल की वजह से दाम नहीं बढ़े। तब किसलिये बढ़े। क्यूं बढ़े। किसने बढ़ाये। सरकार क्या कर रही है। मुनाफाखोरों पर लगाम क्यों नहीं लगाई जा रही। जब चीनी की कोई कमी नहीं, तो दाम इतने क्यों बढ़ गये। है कोई जवाब। हां एक मंत्री जी ने गजब का जवाब दिया है। कहा है सरकार नहीं चाहती लोगों को शुगर की बीमारी हो। कल को कह सकते हैं- रोटी मत खाओ, बदहजमी हो जायेगी। पानी मत पियो, आंतों में इन्फेक्शन हो जायेगा। सांस मत लो, फेफड़े फूल जायेंगे। पता नहीं कैसे-कैसे नमूने आ गये हैं राजनीति और सरकार में। हद हो गई। अब बस भी करो सरकार। ये महंगाई डायन खाये जात है।

# उत्तरदायित्व से भागते हम

> **सोशल मीडिया की शक्ति का एक उदाहरण तब देखने को मिला जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक वीडियो फेसबुक ने अपने नियमों का हवाला देते हुए कुछ समय के लिए हटा दिया था। इस पर भारत की ओर से कड़ा प्रतिरोध सामने आया और डिजिटल प्लेटफॉर्मों की जवाबदेही का प्रश्न उठा। बाद में कंपनी की ओर से इस मामले में खेद भी व्यक्त किया गया। ऐसी घटनाएं बताती हैं कि जिन मंचों पर करोड़ों भारतीय निर्भर हैं, उनके विकल्प और भारत की अपनी डिजिटल क्षमता कितनी आवश्यक है।**

आज का युग डिजिटाइजेशन का युग है और डाटा नई शक्ति है। जिस देश के पास जितना अधिक और गुणवत्तापूर्ण डाटा होगा, वह अर्थव्यवस्था, तकनीक, सुरक्षा और नीतिगत निर्णयों में उतना ही प्रभावशाली होगा। डाटा रक्षा का हो सकता है, व्यापार का या फिर करोड़ों नागरिकों की निजी गतिविधियों और पसंद-नापसंद का।

अमेरिका ने डिजिटल शक्ति की इस संभावनाओं को बहुत पहले समझ लिया। आज गूगल, फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप, यूट्यूब, माइक्रोसॉफ्ट और एप्पल जैसी कंपनियों का वैश्विक डिजिटल व्यवस्था पर बड़ा प्रभाव है। गूगल का सर्च इंजन और प्ले स्टोर, फेसबुक-इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच तथा व्हाट्सऐप करोड़ों भारतीयों के दैनिक जीवन का हिस्सा हैं। अमेजन जैसी ई-कॉमर्स कंपनियां तथा ओला और उबर जैसी ऐप आधारित परिवहन सेवाएं भी हमारे व्यवहार और बाजार को प्रभावित करती हैं। जो अरबों रूपया हमारे देश से ले जाती हैं।

इन कंपनियों की शक्ति केवल उनके प्लेटफॉर्म में नहीं, बल्कि उनके पास मौजूद विशाल डाटा में भी है। यह डाटा व्यापार और सेवाओं को बेहतर बनाने में उपयोगी है, लेकिन दुरुपयोग होने पर व्यक्ति की निजता, व्यापारिक हितों और राष्ट्रीय हितों के लिए चुनौती बन सकता है। इसलिए डाटा की सुरक्षा अब केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है।



भारत ने यूपीआई के माध्यम से इसका रास्ता दिखाया है। कभी भारत में सपना समझा जाता था, आज भारत का यूपीआई विश्व का नम्बर एक यूपीआई है। इससे सीख मिलती है कि सरकार, उद्योग और नागरिक किसी स्वदेशी व्यवस्था को मिलकर अपनाएं तो वह विश्वस्तरीय बन सकती है।

हाल में अराटाई चैट ऐप को लेकर बहुत चर्चा हुई और लाखों की संख्या में लोगों ने कुछ दिनों में ही डाउनलोड कर लिया। यह उत्साह अच्छी बात है, लेकिन किसी भारतीय ऐप की सफलता केवल डाउनलोड से नहीं, बल्कि उसके निरंतर और व्यापक उपयोग से है, जबकि यह ऐप वास्तव में विश्वस्तरीय तो है ही, साथ की मायने में वहाट्सऐप व अन्य से अच्छा है। इसी प्रकार जोहो ऑफिस सुइट भारतीय डिजिटल क्षमता का महत्वपूर्ण उदाहरण है, जो एमएस बर्ड से अधिक सुविधाजनक है और एमएस बर्ड की फाइल भी जिसमें ट्रांसफर हो जाती है। रेलवे द्वारा सरकारी कार्यालयों में इसके इस्तेमाल की चर्चा भी हुई, परन्तु जब तक भी कोई वस्तु आमजन तक नहीं पहुंचती है, तब उसे कामयाब नहीं कहा जा सकता। आवश्यकता है कि ऐसे विकल्प केवल घोषणाओं तक सीमित न रहें, बल्कि व्यवहार में भी अपनाए जाएं।

इसी प्रश्न को हमें ई-मेल, एआई, ऑफिस सॉफ्टवेयर, सर्च इंजन, ऐप स्टोर और अन्य डिजिटल सेवाओं पर भी लागू करना चाहिए। यदि जीमेल का भारतीय विकल्प उपलब्ध है तो क्या हम उसे आजमाने को तैयार हैं? यदि एआई के भारतीय विकल्प विकसित हो रहे हैं तो क्या हम उन्हें अवसर देंगे? यदि भारतीय डिजिटल प्लेटफॉर्म सक्षम हैं तो क्या हम उनका नियमित उपयोग करेंगे?

यहां उद्देश्य विदेशी कंपनियों का विरोध करना नहीं, बल्कि डिजिटल आत्मनिर्भरता हासिल करना है। विदेशी तकनीक का उपयोग करते हुए भी भारत को अपने मजबूत विकल्प विकसित करने होंगे। हमें ऐसा डिजिटल तंत्र चाहिए जिसमें भारतीय नागरिकों का महत्वपूर्ण डाटा सुरक्षित रहे, भारतीय कंपनियां वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करें और डिजिटल अर्थव्यवस्था से पैदा होने वाला अधिक मूल्य देश में रहे।

आज स्वदेशी का अर्थ केवल स्वदेश में बनी वस्तु खरीदना नहीं है। स्वदेशी का अर्थ स्वदेशी तकनीक, स्वदेशी प्लेटफॉर्म, स्वदेशी डाटा और स्वदेशी डिजिटल क्षमता को मजबूत करना भी है।

सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अनुकूल नीतियां बनाएं, भारतीय कंपनियां विश्वस्तरीय तकनीक तैयार करें और नागरिक अपने व्यवहार से उन्हें मजबूत करें। केवल ऐप डाउनलोड करके या सोशल मीडिया पर स्वदेशी की बात लिखकर डिजिटल आत्मनिर्भरता नहीं आएगी। उसके लिए नियमित उपयोग, विश्वास और धैर्य आवश्यक है।

आज हमें स्वयं से पूछना चाहिए- क्या देश के प्रति हमारा उत्तरदायित्व केवल मतदान करने और कर देने तक सीमित है? क्या हमारे रोजमर्रा के डिजिटल निर्णय भी राष्ट्रहित से जुड़े नहीं हैं?

हमने PI को अपनाकर उसे विश्वस्तरीय बनाया है। अब यही भावना भारतीय ई-मेल, ऑफिस सॉफ्टवेयर, एआई, मैसेजिंग, ई-कॉमर्स और अन्य डिजिटल सेवाओं के प्रति भी दिखानी होगी।

अंततः प्रश्न केवल तकनीक का नहीं, राष्ट्र के प्रति हमारे उत्तरदायित्व का है। हमें तय करना है कि हम केवल विदेशी डिजिटल व्यवस्था के उपभोक्ता बने रहेंगे या अपनी डिजिटल शक्ति का निर्माण भी करेंगे। देश का डाटा सुरक्षित रहे, देश का धन देश में रहे और भारत की तकनीकी क्षमता विश्व में अपना स्थान बनाए-इसके लिए सरकार से अधिक नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है।

क्या हम अपने उत्तरदायित्व से भागते रहेंगे, या भारत के मान, स्वाभिमान और आर्थिक शक्ति को बढ़ाने के लिए अपना उत्तरदायित्व निभाने को तैयार हैं?

**▶▶योगी, बिजनौर**

# प्रबल हत्याकांड के सभी सातों दोषी बरेली सेंट्रल जेल भेजे

## उम्रक़ैद की सजा पाने वाले कैदियों को रखा जाता है सेंट्रल जेल

### बिजनौर जेल से अन्य 33 क़ैदी भी बरेली भेजे गये

**बिजनौर ( चिंगारी )।** 14 वर्ष पुराने बहुचर्चित प्रबल हत्याकांड में उम्रक़ैद की सजा पाने वाले सभी सातों दोषियों को बिजनौर जेल से बरेली सेंट्रल जेल भेज दिया गया है। जेल प्रशासन द्वारा सभी कैदियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बरेली के लिए रवाना किया। आजीवन कारावास की सजा पाने वाले 33 अन्य कैदियों को भी बरेली भेजा गया है।

मालूम हो कि गत 31 जुलाई को 14 वर्ष पूर्व हुए बहुचर्चित प्रबल हत्याकांड में एफटीसी-द्वितीय न्यायाधीश डॉ. शहजाद अली की अदालत ने संजय गुप्ता, विनय अग्रवाल, अपूर्व अग्रवाल, राहुल गुप्ता, आशीष अग्रवाल उर्फ रीशू, निखिल अग्रवाल और अनुज गुप्ता को आजीवन कारावास की सजा




सुनाई थी। उक्त सभी दोषियों को न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया गया था, तब से सातों दोषी जिला कारागार में बंद थे। रविवार को जेल प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सातों दोषियों सहित 40 क़ैदियों को सेंट्रल जेल बरेली के लिए स्थानांतरित कर दिया। जेलर कस्तूरी लाल गुप्ता ने बताया कि उम्रक़ैद की सजा पाने वाले कैदियों को नियमानुसार सेंट्रल जेल में रखा जाता है। इसी नियम का पालन करते हुए प्रबल हत्याकांड के सात दोषियों सहित आजीवन कारावास की सजा पाने वाले 40 कैदियों को सेन्ट्रल जेल बरेली स्थानांतरित किया गया है।



## विलक्षण प्रतिभा का धनी है 4 साल का शिवाय

### तस्वीर देखते ही बता देता है स्वतंत्रता सेनानियों और ऐतिहासिक इमारतों के नाम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती, इस कहावत को सच साबित कर रहा है बिजनौर का महज चार वर्षीय बच्चा शिवाय। शिवाय किसी तस्वीर को देखते ही उसमें दिखाई दे रहे स्वतंत्रता सेनानी का नाम बता देता है। इतना ही नहीं, ऐतिहासिक इमारतों की तस्वीर देखकर भी वह उनका नाम आसानी से पहचान लेता है। शिवाय की इस असाधारण प्रतिभा ने उसे लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना दिया है। कम उम्र में ही इतिहास और देश के महापुरुषों के प्रति उसकी गहरी रुचि देखकर हर कोई हैरान है। स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र दिखाने पर वह उनके नाम बताने के साथ-साथ कई ऐतिहासिक स्थलों को भी पहचान लेता है। शिवाय बिजनौर के जाने-माने डॉक्टर दंपति डॉ. नितिन गोयल और डॉ. गरिमा सिंह का बेटा है। परिजनों के अनुसार शिवाय को बचपन से ही तस्वीरों और ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के बारे में जानने में विशेष रुचि रही है। उसकी याददाश्त और चीजों को पहचानने की क्षमता देखकर परिवार भी काफी उत्साहित है।

## आकिब भाजपा में बना रहे अपनी पहचान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** युवा भाजपा नेता एवं अधिवक्ता आकिब यूनुस पार्टी में मुस्लिम चेहरे के तौर पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। जनसेवा, जरूरतमंदों की मदद और भूमाफियाओं के खिलाफ लगातार आवाज उठाने के चलते वे मुस्लिम युवाओं के बीच भी लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। आकिब को उम्मीद है कि भाजपा संगठन जल्द उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकता है। कोरोना महामारी के दौरान बसपा पदाधिकारियों द्वारा पीड़ितों की कथित अनदेखी से आहत होकर आकिब यूनुस ने बसपा नगराध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थामा था। भाजपा में आने के बाद वे लगातार जनसेवा और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय रहे। कोरोना काल में उन्होंने जरूरतमंद परिवारों को हजारों राशन किट वितरित कर मदद की। अब वह भूमाफियाओं के कब्जे से भूमि मुक्त कराकर वन विभाग को सौंपने की कार्रवाई में भी वे सक्रिय हैं।

# नजीबाबाद में चेयरमैन बनने के बाद विधायक बनने का शौक बना ट्रेंड

## चेयरमैन इंजी. मुअज्जम, खुर्शीद मंसूरी, मेराज अहमद, लीना सिंघल विधायक पद के दावेदार

-नौशाद मुल्तानी


**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद में चेयरमैन बनने के बाद राजनीति में आगे बढ़ने के लिए विधायक बनने का शौक ट्रेंड बन चुका है। नजीबाबाद में सबसे पहले हाजी तसलीम अहमद दो बार नगरपालिका परिषद का चेयरमैन बनने के बाद अपना विधायक बनने का शौक पूरा कर चुके हैं हाजी तसलीम अहमद। एक साथ दो बार नजीबाबाद के चेयरमैन बनने के बाद लगातार तीन बार विधायक बन चुके हैं। वह अब चौथी बार विधायक बनने के लिए तैयारियों में जुट गये हैं।

नजीबाबाद के मौहल्ला सब्जीग्रान निवासी मरहूम नेता शमीम अहमद के बेटे हाजी तसलीम अहमद वर्ष-2001 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर सबसे पहले नजीबाबाद के चेयरमैन बने थे। इसके बाद 2006 में दोबारा फिर वह सपा के टिकट पर नगरपालिका परिषद के चेयरमैन चुने गये। दस साल का चेयरमैन पद का सफल कार्यकाल पूरा करने के बाद हाजी तसलीम अहमद ने तीसरी बार 2012 में नजीबाबाद सीट रिजर्व से जनरल होते ही सपा छोड़कर बसपा के टिकट पर नजीबाबाद से विधानसभा चुनाव लड़कर अपना विधायक बनने का शौक पूरा किया। इसके बाद नजीबाबाद में चेयरमैन बनने के बाद विधायक बनने का शौक एक ट्रेंड बन गया है। इसके बाद वर्तमान चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने सबसे पहले बिना चेयरमैन बने 2017 में बसपा का नजीबाबाद विधानसभा से टिकट हासिल कर विधायक बनने का प्रयास किया, मगर वह इसमें सफल नहीं हो पाए, उनका टिकट ऐन वक्त पर कट जाने के कारण नजीबाबाद से हाजी तसलीम अहमद दूसरी बार समाजवादी पार्टी का टिकट लेकर विधायक बन गये थे। इसके बाद से नजीबाबाद विधायक पद पर हाजी तसलीम अहमद का लगातार तीन बार जीत के बाद कब्जा बरकरार है। हाजी तसलीम अहमद चैथी बार फिर सपा का टिकट हासिल कर नजीबाबाद सीट पर जीत का परचम लहराना चाहते है। तीन बार के विधायक हाजी तसलीम अहमद का चैथी बार विधायक बनने को समाजवादी पार्टी से टिकट पक्का माना जा रहा है। इंजीनियर मुअज्जम का अब चेयरमैन बनने के बाद अगला टारगेट नजीबाबाद से आजाद समाज पार्टी का टिकट हासिल कर विधानसभा का चुनाव लड़कर विधायक बनने का सपना है। नगरपालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने करीब एक माह पूर्व भागूवाला से नजीबाबाद विधानसभा का चुनाव लड़ने का बिगुल फूंक दिया है। इसके बाद से चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम लगातार पूरी विधानसभा में घूमकर विधायक बनने के लिए चुनाव की तैयारी में जुट गये है। इसी के साथ नगर पंचायत साहनपुर के दूसरी बार चेयरमैन बने खुर्शीद मंसूरी पिछले काफी सालों से नजीबाबाद विधानसभा सीट पर चुनाव लड़कर विधायक बनने का लक्ष्य निर्धारित कर चुके हैं। वह आजाद समाज पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारियों में जुटे हुए है। वह पिछले कई सालों से नगर मौहल्लों के साथ विधानसभा के अधिकांश गांवों में जाकर लोगों को लगातार अपने साथ जोड़ने तथा अपनी पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे है, जिससे विधानसभा की जनता उन्हें काफी प्यार से नवाज रही है। नगर पंचायत साहनपुर के पूर्व चेयरमैन मेराज अहमद भी नजीबाबाद विधानसभा में समाजवादी पार्टी के टिकट के दावेदार हैं। वह सपा का टिकट हासिल कर नजीबाबाद से विधायक बनने के इच्छुक है। धामपुर की पूर्व चेयरपर्सन लीना सिंघल पूर्व में 2017 में नजीबाबाद विधानसभा सीट से लोकदल के टिकट पर चुनाव लड़कर विधायक बनने का प्रयास कर चुकी है, मगर इसमें वह सफल नहीं हो पाई थीं। वह इस बार फिर नजीबाबाद विधानसभा से भाजपा का टिकट हासिल कर विधायक बनने के लिए प्रयास में जुट गई हैं। वह भाजपा के टिकट की प्रबल दावेदार है तथा नजीबाबाद विधानसभा में काफी समय से अपना चुनाव प्रचार व पार्टी की नीतियों का जन-जन तक प्रचार कर रही हैं। इस तरह से नजीबाबाद में चेयरमैन बनने के बाद जनप्रतिनिधि अपना अगला टारगेट विधायक बनने का बना रहे हैं, जिससे नजीबाबाद में चेयरमैन बनने के बाद विधायक बनने का शौक यहां ट्रेंड बन चुका है।

# किरतपुर में हाईवे के पास दिखायी दिये तीन गुलदार

## पुलिसकर्मी ने वीडियो बनाकर वायरल की

किरतपुर (चिंगारी)। गुलदार की दहशत कम नहीं हो रही। रोज जिले में कहीं न कहीं गुलदार दिखायी दे जाते हैं, जिससे लोग भयभीत हैं। हालांकि वन विभाग द्वारा लगाये गये पिंजरों में अनेक गुलदार कैद हो चुके हैं, मगर गुलदारों की संख्या इतनी बढ़ गई है कि उनसे निजात नहीं मिल पा रही। गत रात्रि लगभग 3 बजे हनुमान धाम से थोड़ा आगे हाईवे के पुल के पास एक साथ तीन गुलदार घूमते नजर आये तो कांवड़ सुरक्षा में तैनात एक पुलिसकर्मी ने वीडियो बना लिया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस घटना से लोग भयभीत हैं। वन विभाग से बड़ी संख्या में पिंजरे लगाने की मांग की जा रही है।



# भारत माता के प्रति गौरव का भाव होना ही सच्चे भारतीय की पहचान : अनिल कुमार

## एसबीडी में आरएसएस का युवा एकत्रीकरण कार्यक्रम आयोजित

**धामपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मेरठ प्रांत के प्रांत प्रचारक अनिल कुमार ने कहा कि भारतमाता के प्रति गौरव का भाव होना ही सच्चे भारतीय की पहचान है, विदेशी वस्तुओं के स्थान पर स्वदेशी की भावना को जन-जन में जागृति करना राष्ट्रीयता की भावना रखने वाले प्रत्येक भारतीय का नैतिक दायित्व है। प्रांत प्रचारक नगर के सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित युवा एकत्रीकरण कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों को मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक अनिल कुमार ग्रोवर, नगर संघ चालक



मंचासीन अतिथि।

विकास कुमार जैन आसीन रहे।

कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवक मयूर कात्यायन द्वारा प्रस्तुत एकल गीत की प्रस्तुति सराहनीय रही। संघ के जिला कार्यवाह विपिन कुमार, जिला प्रचारक मनुदेव वैदिक, जिला व्यवस्था प्रमुख अरुण भटनागर, सह नगर संघ चालक लोकेंद्र कुमार, नगर कार्यवाह आजाद वीर सिंह एड., सह नगर कार्यवाह शुभम कुमार, नगर प्रचारक आलोक पांडेय, सर्व व्यवस्था प्रमुख प्रिंस कुमार एवं शुभम कुमार, मुख्य शिक्षक हर्ष जोशी, सह नगर सेवा प्रमुख पीयूष कुमार बंसल, अर्जुन बस्ती, कार्यवाह देवेंद्र सिंह, भगत सिंह बस्ती प्रमुख अभिषेक कुमार, शिवाजी बस्ती कार्यवाह यश कुमार, महावीर बस्ती कार्यवाह अभिषेक रस्तोगी, शिवाजी बस्ती प्रमुख पीयूष शर्मा आदि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में गण गीत ,प्रार्थना, सुभाषित, एकल गीत, योग, अमृत वचन आदि निर्धारित कार्यक्रम भी संपन्न कराए गए।

प्रांत प्रचारक अनिल कुमार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार के दिशा निर्देशन में संघ की स्थापना से वर्तमान तक 100 वर्षों के दौरान किए गए जन कल्याणकारी एवं रचनात्मक कार्यों तथा उनके माध्यम से अर्जित की गई उल्लेखनीय उपलब्धियों की बिंदुबार विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में सौरभ ठाकुर एवं देवता महाविद्यालय मोरना के शिक्षक डॉ. अमित चौहान सहित अनेक प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे।

# मनोज पारस ने किया कैम्प का शुभारंभ




**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** शहजाद मंसूरी द्वारा आयोजित फ्री पहचान पत्र आवेदन एवं संशोधन के कैंप में नगीना विधायक (पूर्व राज्य मंत्री) मनोज कुमार पारस ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और फीता काटकर फ्री पहचान पत्र (वोटर आईडी) आवेदन एवं संशोधन कैंप का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य गांव के हर नागरिक, विशेषकर युवाओं और बुजुर्गों को बिना किसी परेशानी के उनका पहचान पत्र दिलाना है, नए पहचान पत्र बनाने और पुराने में किसी भी तरह के सुधार (संशोधन) के लिए कोई फीस नहीं ली जा रही है। इस मौके पर पूर्व प्रधान असलम कुरैशी, डॉ. शफीक अहमद, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष चौधरी वीरपाल सिंह, अकील अहमद, आदिल अंसारी, जहीरुल हसन ज़ैदी, याकूब प्रधान, मुशर्रफ प्रधान, खुर्शीद कुरैशी, नितिन चौधरी, साजिद अब्बासी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# गौरी शंकर मंदिर कमेटी ने कराया भंडारा

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्री गौरी शंकर मंदिर कमेटी खारी कुआं की ओर से श्रावण मास के अंतर्गत आयोजित किए गए 38 वें वार्षिक भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नगर के मुनि विद्यानंद जैन कन्या पाठशाला परिसर में आयोजित भंडारे का शुभारंभ खारी कुआं स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री गौरी शंकर मंदिर पर सामूहिक पूजन से किया गया। जिसके मुख्य यजमानों में संस्था के अध्यक्ष अमित रस्तोगी, महामंत्री संजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता एडवोकेट एवं उप कोषाध्यक्ष शिवांश शर्मा, समाजसेवी अनिल कुमार अग्रवाल कटका, शरद कौशिक, डॉक्टर ईश्वर चंद शर्मा, राजकुमार गुप्ता, अमित कुमार अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता, सुशील माहेश्वरी, विजय कुमार जैन, दीपक कुमार जैन, पंडित तरुण शर्मा शास्त्री, आलोक अग्रवाल, अखिलेश बिश्नोई, देवेंद्र भटनागर टीटू भैया, अविनाश



भंडारे में शामिल नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह।

रस्तौगी एडवोकेट, आशुतोष वर्मा, रोहित माहेश्वरी आदि शामिल रहे।

भंडारे में पूर्व भाजपा विधायक डॉ इंद्रदेव सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, दीपक अग्रवाल, नागेश्वर दयाल गहलोत, शेखर अग्रवाल, डॉ. आदित्य अग्रवाल, डॉ. जितेंद्र कौशिक, सौरभ मालपानी, योगेश रस्तौगी बाबू भैया, शरद चंद्र शर्मा, सुगम जैन, उदित बंसल, मनोज कुमार गोयल पप्पी भैया, प्रभात गुप्ता जोंटी, सोमपाल सैनी सोनू, प्रशांत कुमार त्यागी आदि शामिल रहे। जिन्हें विशेष रूप से तैयार कराए गए, पटके पहनाकर सम्मानित किया गया।

# सुन मां अंजनी के लाल, मुझे तेरा ही सहारा

**धामपुर ( चिंगारी )।** फल चौराहा स्थित ठाकुर बजरिया मंदिर में श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा। सबको खूब पसंद आया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट करके संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में प्रशांत त्यागी, नम्रता त्यागी, संजीव कुमार, विवेक अग्रवाल, सुभाष चौहान, आशीष अग्रवाल, लोकेंद्र रस्तौगी, दीपेश जैन, सीमा जैन, मुनिया बहन जी, डॉ. विजय गुप्ता, रजनी गुप्ता, विभु प्रकाश, बंसल, पवन अग्रवाल, एडवोकेट पंडित रवि शास्त्री आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तौगी, राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, सत्येंद्र शर्मा, दीपक वर्मा, सुनील चौहान, सतीश रस्तौगी, नंदकिशोर रस्तौगी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।



# मूलचंद चौहान ने किया प्रतिष्ठान का उद्घाटन

**धामपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर रोड पर रेलवे माल गोदाम के सामने एक प्रतिष्ठान का शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मूलचंद चौहान ने कहा कि युवाओं को खुद अपना कारोबार कर तरक्की करनी चाहिए, तभी घर परिवार और देश में खुशहाली आएगी। इस अवसर पर नवनीत राणा, महेंद्र सिंह, राजेश गोयल, वीके कश्यप, वीरेंद्र कुमार एडवोकेट, ह्रदेश भारद्वाज, जावेद अख्तर, आदित्य प्रधान, दुष्यंत राणा, प्रधान सुशील कुमार आदि शामिल रहे।

# शिवभक्तों का जत्था नीलकंठ महादेव की यात्रा पर रवाना



**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर नगर के मोहल्ला बाड़वान की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था 'भोले की फौज करेगी मौज' के तत्वावधान में 18वें वार्षिकोत्सव के अंतर्गत 35 शिव भक्तों का जत्था दो दिवसीय नीलकंठ महादेव की यात्रा के लिए रवाना हुआ। इस दौरान मोहल्ले का होली चौक भगवान शंकर के पारंपरिक भजनों और जयकारों से गूंज उठा। अलग-अलग बाइकों पर सवार केसरिया झंडा लगाए हुए शिव भक्तों ने जब नीलकंठ महादेव यात्रा के लिए प्रस्थान किया तो समूचा वातावरण बम बम भोले तथा हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। जत्थे में आकाश सैनी, अभिषेक सैनी दीपक सैनी, मोहित सैनी, गोलू सैनी, अर्पित सैनी, बिन्नू सैनी, नीरज सैनी, केशव सैनी, राजेश सैनी, दीपक सैनी, अंकित सैनी, अमन सैनी, नीरज सैनी, मोनू सैनी, गौतम सैनी, सुमित सैनी, प्रियंकर सैनी, धनीराज सैनी, ईशु सैनी आदि कुमार सैनी, शिव सैनी, उज्जवल जाटव, लव कुमार जाटव आदि कुमार जाटव, कृष्णा रस्तोगी, विशाल सैनी, अब्दुल समीर, अब्दुल हन्नान आदि शामिल रहे। शिव भक्त आकाश सैनी ने बताया कि पिछले 17 वर्षों से नीलकंठ महादेव यात्रा पर जाने वाले इस जत्थे का प्रमुख उद्देश्य श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ के प्राचीन एवं ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के प्रति सनातन परिवारों में चेतना जागृत करना है।

# पिंजरे में क़ैद हुआ गुलदार



**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** नगीना देहात क्षेत्र के शंकरपुर फॉर्म स्थित कोरिया रेंज में बीती रात करीब 11 बजे वन विभाग की टीम को बड़ी सफलता मिली। लगातार क्षेत्र में सक्रिय गुलदार को वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद कर लिया गया। गुलदार के पिंजरे में कैद होने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

पिछले काफी समय से गुलदार की गतिविधियां देखी जा रही थीं, जिसके चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ था। ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही थी और गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया था। बीती रात गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर गुलदार को सुरक्षित कब्जे में लिया और आगे की कार्रवाई शुरू की। वन विभाग की इस सफलता से शंकरपुर फॉर्म और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भय का माहौल काफी हद तक कम हुआ है। हालांकि, ग्रामीणों ने क्षेत्र में अन्य गुलदारों की मौजूदगी की आशंका जताते हुए वन विभाग से लगातार गश्त और निगरानी बनाए रखने की मांग की है। वन विभाग कोरिया रेंज के रेंजर सचिन शर्मा से बताया नगीना देहात क्षेत्र में गांव-गांव पिंजरे लगे हुए हैं और बाकी गुलदारों पर गतिविधि पर निगरानी की जा रही है। वन विभाग रेंजर सचिन शर्मा ने कहा अगर किसी व्यक्ति को खेत में व गांव के आस पास गुलदार दिखाई दे, तुरंत वन विभाग को सूचना दें।

## बकरी को खूंटे सहित उठा ले गया गुलदार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम बसंतपुर में गुलदार द्वारा घर के बाहर बंधी बकरी को उठाकर ले जाने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ग्राम बसंतपुर में बलबीर सिंह बाल्मीकि का मकान खेतों के पास बना हुआ है। बलबीर सिंह की बकरी घर के बाहर बंधी हुई थी। रात्रि में गुलदार बकरी को खूंटे सहित उठाकर ले गया। दो दिन पूर्व भी गुलदार ने गांव निवासी एक व्यक्ति की बछिया को निवाला बना लिया था। गांव में गुलदार का भय बना हुआ है। किसान अपने खेतों पर जाते हुए घबरा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग की है।

## नलकूप की छत पर बैठा दिखाई दिया गुलदार

चांदपुर-कराल रोड पर गुलदार नलकूप की छत पर बैठा दिखाई दिया। उधर से गुजर रहे एक ग्रामीण ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी। कराल रोड पर पूर्व में भी गुलदार दिखाई दिया है। गुलदार के भय से लोग अकेले में गांव को जाते हुए घबरा रहे हैं। मालूम हो कि क्षेत्र के हीमपुर बुजुर्ग, काजीशोरा, सूंदरा, जलालुद्दीनपुर आदि गांवों में गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में भय बना हुआ है।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES Better Always TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP


APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)
Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562
CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान मोहल्ला बुखारा में स्थित बुद्ध विहार में जिलाध्यक्ष तिलकराज बौद्ध की अध्यक्षता एवं जिला आडिटर नरेंद्र कुमार के संचालन में डॉ.अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय एवं जिला स्तर पर सीनियर एवं जूनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 40 से अधिक छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा मानव जीवन का सबसे मूल्यवान आधार है। यह केवल अक्षर ज्ञान या डिग्रियां पाना नहीं है, बल्कि सोचने-समझ की शक्ति, सही-गलत का भेद करने की क्षमता और जीने की कला है।

इस अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष गुरदयाल सिंह, जिला संरक्षक गंगाराम बौद्ध, इंजीनियर मणिकांत सिंह, अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह, जीआईसी कवाल के प्रधानाचार्य सुभाष चन्द्र, जीजीआईसी बिजनौर की प्रधानाचार्या पवन देवी, सुमित्रा नंदनी राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति जनजागृति महासंघ, जिला महामंत्री ओमप्रकाश सिंह, धर्मवीर सिंह, सुरजा सिंह, मनोज कुमार, कौशलेंद्र सिंह, प्रो. डॉ. धन सिंह, चंद्र सिंह, राकेश कुमार, राजवीर सिंह, चरण सिंह, कुलदीप कुमार, दीपक राज, भारतीय बौद्ध जिला महामंत्री बिंबिसार गौतम, जिला कोषाध्यक्ष एड. जितेंद्र कुमार, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# सपाइयों ने एमएलसी चुनाव हेतु कमर कसी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारी में पूरे जी जान से जुट जाने का आह्वान किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि शिक्षक एमएलसी चुनाव प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर रहे।

नगर स्थित डाक-बंगले में आयोजित बैठक में एमएलसी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को चांदपुर विधानसभा में जिन कॉलेजों में शिक्षकों के वोट नहीं बने हैं, वहां जाकर शिक्षकों के वोट बनवाने की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में विधायक स्वामी ओमवेश, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हनी फैसल, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव आसिफ़ असलम, धनंजय यादव, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष सुहेल बाकर, कार्यालय प्रभारी अहमद खिजर, मौ. जीशान, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष चौधरी संसार सिंह, नगर अध्यक्ष नाजिम खान, प्रदेश सचिव चौधरी आदित्य वीर सिंह, डॉ. लाखन पाल, मौ. यूनुस ताऊ, संजय यादव, नईम अहमद, सतसागर यादव, शेख रईस अहमद, मोहसिन अंसारी, बंटी यादव, शकील पहलवान, सत्येंद्र प्रधान, शेख शमीम अहमद, मोमिन खान, सादिक प्रधान, जुल्फिकार प्रधान,मौ. अफजल अज्जू, उस्मान अल्वी, नफीस सैफी, रूपराज चौहान, तनवीर अहमद, जुबैर कासिम, सतवीर प्रधान, पिंकुल चौधरी, जयवीर प्रधान, राजकुमार यादव, प्रधान कफील उद्दीन, मास्टर असलम, नरेश कुमार, शहाबुद्दीन, महताब अंसारी आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# मस्जिद में चोरी, सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी ले गये चोर



**सहसपुर ( चिंगारी )।** नाटेवाला बाग स्थित मस्जिद-ए-बिलाल में चोरों ने वारदात को अंजाम देकर इलाके में सनसनी फैला दी। चोरों ने मस्जिद में चोरी करने के साथ-साथ अपने पीछे कोई सबूत न छोड़ने की पूरी कोशिश की। वारदात के बाद चोर मस्जिद में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर, हार्ड डिस्क अपने साथ ले गए। चोरों ने पहले मस्जिद परिसर में रखे सामान को खंगाला। इसके बाद उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने वाले डीवीआर और हार्ड डिस्क को निकाल लिया, जिससे घटना से संबंधित रिकॉर्डिंग और उनकी पहचान से जुड़े अहम सुराग हाथ लगना मुश्किल हो गया। सुबह मस्जिद पहुंचने पर चोरी की जानकारी हुई तो आसपास के लोगों और मस्जिद प्रबंधन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। लोगों ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरी का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने और चोरी गया सामान बरामद करने की मांग की है। पुलिस आसपास लगे अन्य प्रतिष्ठानों और दुकानों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर सकती है।

# गायत्री शक्ति पीठ के जन्म शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम पर विचार

# बिजनौर में जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन



संगोष्ठी को संबोधित करते हुए गायत्री पीठ के केंद्रीय प्रतिनिधि।


संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रविवार को जिला गायत्री परिवार समन्वय समिति बिजनौर द्वारा गायत्री शक्ति पीठ के जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में एक जिला स्तरीय समीक्षा संगोष्ठी आयोजित की गई।

गायत्री पीठ के केंद्रीय प्रतिनिधि उमाशंकर डबराल एवं विष्णु कुमार शर्मा, अशोक सिंह नजीबाबाद जोन समन्वयक, उदय सिंह चौहान नजीबाबाद उपज़ोन समन्वयक तथा मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी एवं डा. रचना पाल पूर्व सदस्य अधीनस्थ कर्मचारी चयन सेवा आयोग, डा. एन.पी. सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया।


डॉ. रचना पाल को सम्मानित करते हुए गायत्री परिवार की महिलाएं।

श्री इन्द्रदेव शर्मा सहसमन्वयक के संचालन और श्री पुखराज सिंह जिला समन्वयक की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में जिला गायत्री परिवार समिति के संरक्षक पं. सोमेश्वरदत्त शर्मा ने पूजन कराया। डा. दीपक कुमार व्यवस्थापक गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद ने युग निर्माण योजना मिशन का संक्षेप में आद्योपांत परिचय, उद्देश्य एवं क्रि या कलापों का परिचय कराया।

शांतिकुंज हरिद्वार से विशेष प्रतिनिधि के रूप में पधारे विद्वान श्री विष्णु कुमार शर्मा ने अपनी कविता के माध्यम से मिशन द्वारा संचालित युवा उत्कर्ष, नारी उत्कर्ष, शिक्षक उत्कर्ष, साधना आदि कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं में उर्जा का संचार किया। श्री उमाशंकर डबराल द्वारा जन्मशताब्दी वर्ष 2026 में होने वाले कार्यक्रमों एवं आज के दौर में आवश्यकता के सम्बन्ध में विचार रखे। श्री अशोक सिंह ने गुरुदेव द्वारा रचित 18 सूत्रों वाले नवयुग का संविधान का संकल्प के रुप में उच्चारण कराया। श्रीमती मंजु त्यागी और अमिता यादव ने नारी उत्कर्ष एवं सन्तान को उत्कृष्ट कैसे बनायें पर विचार रखे। श्री पुखराज सिंह जिला समन्वयक ने गोष्ठी में भागीदारी एवं सहयोग करने वाले सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सर्वश्री अनुज गोयल, नरेश सिंह, के.पी. सिंह, रामपाल सिंह, सुरेन्द सिंह, वकील साहब, मुकेश कुमार, जगदीश सिंह, विनेश त्यागी, रोहिताश्व सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

## बीजेपी के वीडियो में पत्रकारों को 'दिमागी नक्सली' बताए जाने पर एडिटर्स गिल्ड ने जताई कड़ी आपत्ति

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने भारतीय जनता पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स से प्रसारित एक वीडियो की कड़ी निंदा की है। गिल्ड के अनुसार, इस वीडियो में सरकार से सवाल करने वाले पत्रकारों को 'दिमागी नक्सली' या 'इंटेलेक्चुअल नक्सली' के रूप में पेश करने का प्रयास किया गया है। गिल्ड ने विशेष रूप से वरिष्ठ पत्रकार और एडिटर्स गिल्ड के पूर्व अध्यक्ष राजदीप सरदेसाई को निशाना बनाए जाने पर आपत्ति जताई। गिल्ड ने कहा कि बीजेपी सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया था कि 'इंटेलेक्चुअल नक्सली' नक्सलियों के प्रति सहानुभूति रखते हैं या उन्हें वैचारिक समर्थन देते हैं, सुरक्षाकर्मियों की मौत का जश्न मनाते हैं और संसद के माध्यम से समाधान निकालने के बजाय सड़क पर कार्रवाई की वकालत करते हैं। एडिटर्स गिल्ड ने कहा कि इंडिया टुडे टीवी के संपादक, पत्रकार और लंबे समय से टेलीविजन एंकर के रूप में राजदीप सरदेसाई समाचार घटनाक्रमों को प्रस्तुत और उनका विश्लेषण करते रहे हैं। गिल्ड के अनुसार, उनके कार्यों और बयानों को किसी भी तरह 'दिमागी नक्सली' की गतिविधियों के रूप में परिभाषित नहीं किया जा सकता। गिल्ड ने कहा कि यह मामला इसलिए और अधिक चिंताजनक है, क्योंकि कथित तौर पर यह निशाना किसी हाशिए के संगठन या व्यक्ति की ओर से नहीं, बल्कि सत्तारूढ़ पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स से साधा गया है। गिल्ड के अनुसार, इस तरह के हमले लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करते हैं और मीडिया की स्वतंत्रता तथा संविधान में निहित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार को और कमजोर करते हैं। एडिटर्स गिल्ड ने भारत में स्वतंत्र मीडिया के लिए लगातार सीमित होते स्थान पर भी चिंता व्यक्त की। उसने रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा जारी 2026 के वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स का हवाला देते हुए कहा कि भारत 180 देशों में 157वें स्थान पर है। गिल्ड ने बीजेपी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से अपील की कि वे पत्रकारिता का दायित्व निभा रहे मीडिया पेशेवरों को 'जनता का दुश्मन' के रूप में पेश करने से बचें। गिल्ड ने कहा कि असहमति, सत्ता से सवाल और सरकार की निगरानी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अभिन्न अंग हैं। यह बयान एडिटर्स गिल्ड के अध्यक्ष संजय कपूर और महासचिव राघवन श्रीनिवासन की ओर से जारी किया गया।

## मोटाढाक में 10 दिन से पेयजल आपूर्ति ठप होने से ग्रामीण परेशान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड सीमा पर स्थित ग्राम पंचायत मोटा ढाक में पिछले करीब 10 दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल समस्या की जानकारी मिलने पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या सुनकर संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तार से वार्ता की। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अमित कुमार, ग्राम प्रधान हुड्डा तथा जल जीवन मिशन के अधिकारियों के साथ मौके पर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पेयजल आपूर्ति बाधित होने के कारणों पर विस्तार से चर्चा कर समस्या के स्थायी एवं शीघ्र समाधान को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**


धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन

कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट ( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )

कोई भी Knee Cap ( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

**कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें**

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

**गोयल मेडिकल स्टोर**

नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर

फोन - 9411012482, 8273387326

**नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।**


# डीपीएस में एड-मैड प्रतियोगिता का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर में 21 एवं 22 अगस्त को कक्षा VI से IX तथा XI एवं XII के विद्यार्थियों के लिए एड-मैड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवाचार, प्रभावी संचार, टीम भावना एवं प्रस्तुतीकरण कौशल को विकसित करना था। प्रतियोगिता का विषय स्मार्ट इंडिया, स्मार्ट प्रॉडक्ट्स - इनोवेटिव प्रॉडक्ट्स फॉर एवरीडे इंडियन लाइफ रखा गया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने दैनिक भारतीय जीवन को सरल, सुविधाजनक एवं बेहतर बनाने वाले नवीन उत्पादों की कल्पना कर उनके प्रभावशाली विज्ञापन प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने चार-पांच के समूहों में मिलकर अपने उत्पादों की संकल्पना तैयार की तथा आकर्षक संवाद, अभिनय, स्लोगन और रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्हें दर्शकों एवं निर्णायकों के समक्ष प्रस्तुत किया।



सभी विजेता विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों एवं सराहनीय प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पायल कपूर ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर अपनी कल्पनाशक्ति, संचार कौशल एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का अवसर प्रदान करती हैं।



# 90 + प्लस वाह अमीन साहब! 102 वर्ष की आयु में भी चुस्ती-फुर्ती लाजवाब

-मुहम्मद अजमल

चांदपुर (चिंगारी)। लगभग 102वर्ष की आयु होने के बाद भी गजब की याददाश्त व चुस्ती-फुर्ती देखने लायक है। पुरानी बातें उन्हें ऐसे याद हैं, जैसे कल की ही बात हो। हम बात कर रहे नगर के मुहल्ला साहुवान निवासी 102वर्षीय ओमप्रकाश शर्मा अमीन साहब की। ओमप्रकाश शर्मा संग्रह अमीन रहे हैं। उन्होंने नगीना, हल्दौर, बिजनौर में सर्विस की तथा चांदपुर से 1 अक्टूबर 1990 को सेवानिवृत्त हुए। शहर के लोग उन्हें अमीन साहब के नाम से पुकारते हैं। अमीन साहब ने बताया कि वे प्रतिदिन रात्रि में 11 बजे सो जाते हैं तथा रात्रि में 3-4 बजे के बीच उठ जाते हैं तथा अपना अधिकतर समय पूजा-पाठ करने में लगाते हैं।

अमीन साहब बताते हैं कि वे अंग्रेजी दवाई बहुत कम प्रयोग करते हैं, वे ज्यादातर देशी दवाई का ही इस्तेमाल करते हैं। स्वस्थ रहने के लिए वे प्रतिदिन कम से कम एक घंटा योग अवश्य करते हैं।

## प्रत्येक मंगलवार को रखते हैं 24 घंटे से अधिक का निर्जल व्रत

अमीन साहब ने बताया कि वे लगभग 70 वर्ष से प्रत्येक मंगलवार को निर्जल व्रत रखते हैं। व्रत के दौरान व खाना तो दूर पानी तक नहीं पीते हैं। अमीन साहब हनुमान जी की पूजा करते हैं तथा आज भी प्रत्येक मंगलवार को अपने आवास पर दरबार लगाते हैं। दरबार में बड़ी संख्या में लोग आते हैं। चिकित्सक, शिक्षक, व्यापारी व अन्य लोगों का उनके पास आना-जाना लगा रहता है।



परिवार के साथ अमीन साहब।

## ..जब नौकरी से त्याग पत्र दे दिया था

अमीन साहब ने बताया कि सर्विस के दौरान भी वह मंगलवार को इसी तरह से व्रत रखते थे, तब वे मंगलवार के दिन ड्यूटी पर नहीं जाते थे, उनके ड्यूटी पर न आने से अधिकारी नाराज रहते थे तथा उनसे कहते थे, तुम त्याग-पत्र दे दो, या रोज ड्यूटी पर आओ, अमीन साहब ने बताया कि उन्होंने एक दिन त्याग-पत्र ही दे दिया, लेकिन उनका त्याग-पत्र स्वीकार नहीं किया जा सका।

## उनके पास है पानी में तैरने वाला पत्थर

अमीन साहब के पास पानी में तैरने वाला पत्थर है। उनके पुत्र मनोज शर्मा ने बताया कि उनके पिता के पास पानी में तैरने वाले दो पत्थर थे, जो वे कहीं से लाये थे, उनमें से एक पत्थर कोई ले गया।

## भरा-पूरा है परिवार

अमीन साहब का भरा-पूरा परिवार है। उनकी दो बेटियां आशा कमल शिक्षिका थी,जो सेवानिवृत्त हो चुकी है तथा दूसरी पुत्री बबीता ग्रहणी है, उनके पुत्र मनोज कुमार शर्मा एलआईसी के वरिष्ठ अभिकर्ता हैं। उनका पोता रोहन कौशिक व पोती मानसी कौशिक है, जो उनकी देखभाल में लगी रहती है। अमीन साहब की पत्नी शारदा देवी की मृत्यु 26 मार्च 2019 को हो चुकी है।

## 40 व 90 किलो के हैं पत्थर

**अमीन साहब ने बताया कि उनके पास 40 व 90 किलो के दो पत्थर हैं। किसी व्यक्ति की कोई समस्या या मन्नत होती है तो वे उसको एक पर्चे पर लिखकर पत्थर के नीचे दबा देते हैं। समस्या के समाधान होने अथवा मन्नत पूरी होने पर उस व्यक्ति को पत्थर के वजन के बराबर का प्रसाद बांटना होता है। अमीन साहब हनुमान जयंती व गुरु पूर्णिमा पर अपने खर्च से भंडारा भी कराते हैं।**



102 वर्षीय अमीन साहब आज भी मुहल्ले की दुकान से अपने लिए सामान लाने के साथ साथ बैंक व बिजनौर जाकर अपना काम स्वयं करना पसंद करते है उनका कहना था कि ऐसा करके वे चुस्त दुरुस्त रहते है

# शिक्षामित्रों के सम्मान, अधिकार और सुरक्षित भविष्य की मांग

प्रदेश के शिक्षामित्रों ने प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था में उस समय अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, जब ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों की बेहद कमी थी और अनेक विद्यालयों में ताले लटकने की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

ऐसे कठिन समय में तत्कालीन सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर मेरिट के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन कर शिक्षामित्र के रूप में नियुक्ति की गई थी। प्रदेश के सभी शिक्षामित्र अपने समय में ग्राम पंचायत स्तर पर मेरिट के आधार पर चयनित हुए हैं। इसलिए शिक्षामित्रों के ऊपर लगाया जाने वाला 'अयोग्यता' का ठप्पा पूरी तरह निराधार और अनुचित है।

## शिक्षामित्र : प्राथमिक शिक्षा की रीढ़

उत्तर प्रदेश में शिक्षामित्रों ने वर्षों तक प्राथमिक शिक्षा की रीढ़ बनकर अपनी जिम्मेदारी निभाई है। आज भी प्रदेश के अनेक दूरदराज और ग्रामीण विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के बावजूद शिक्षामित्र पूरी निष्ठा से पठन-पाठन का कार्य संभाल रहे हैं।

शिक्षामित्रों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष प्रदेश के लाखों बच्चों का भविष्य बनाने में लगा दिए। प्राथमिक विद्यालयों में कार्य करते हुए उन्हें लगभग 25 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन विडंबना यह है कि इतने लंबे सेवाकाल के बाद भी शिक्षामित्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं और उनके भविष्य का अभी तक कोई स्थायी आधार नहीं है।





फाइल फोटो।

## मुख्यमंत्री जी से विनम्र निवेदन

आज प्रदेश में ऐसी सरकार है, जो समाज के वंचित एवं शोषित वर्गों के उत्थान और कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी विश्वास के साथ उत्तर प्रदेश के डेढ़ लाख शिक्षामित्रों की ओर से माननीय मुख्यमंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि शिक्षामित्रों के भविष्य के लिए ऐसा सकारात्मक और सम्मानजनक निर्णय लिया जाए, जिससे उनके जीवन के बचे हुए वर्ष सम्मान, आर्थिक मजबूती और सामाजिक सुरक्षा के साथ व्यतीत हो सकें।

## हमारी प्रमुख मांगें

शिक्षामित्रों को शिक्षामित्र पद पर नियमित किया जाए तथा उन्हें सम्मानजनक वेतनमान प्रदान किया जाए।

60,000 से अधिक TET उत्तीर्ण शिक्षामित्रों को आगामी सहायक अध्यापक भर्ती में प्रथम प्राथमिकता के आधार पर सहायक अध्यापक बनाया जाए।

विभिन्न कारणों से दिवंगत हो चुके शिक्षामित्रों के परिवारों को एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा उनके परिवार के एक सदस्य को शिक्षामित्र पद पर अथवा उसकी योग्यता के अनुसार किसी अन्य उपयुक्त पद पर नौकरी दी जाए।

लगभग 25 वर्ष का सेवाकाल पूरा कर सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षामित्रों को एकमुश्त 20 लाख की धनराशि प्रदान की जाए, ताकि सेवानिवृत्ति के बाद वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें तथा आवश्यकता पड़ने पर कोई रोजगार अथवा व्यवसाय शुरू कर सकें।



## एक विनम्र अपील

माननीय मुख्यमंत्री जी, जिस शिक्षामित्र ने अपने जीवन के लगभग 25 वर्ष प्रदेश के लाखों बच्चों का भविष्य बनाने में लगा दिए, उसके अपने भविष्य को सुरक्षित करना भी आवश्यक है।

हमें पूर्ण विश्वास है कि माननीय मुख्यमंत्री जी डेढ़ लाख शिक्षामित्रों के संघर्ष, सेवा और उनकी परिस्थितियों को समझते हुए उनके हित में ऐतिहासिक एवं सकारात्मक निर्णय अवश्य करेंगे। शिक्षामित्र का सम्मान-प्रदेश का सम्मान। शिक्षामित्र का सुरक्षित भविष्य-बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी।

-सुचित मलिक
प्रभारी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश
उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ।

# मरणासन्न हालत में मिले कई गौवंश, बजरंगी भड़के





**स्योहारा (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव मुकरपुरी स्थित गौशाला में मृतक गौवंशीय पशुओं के अवशेष इधर-उधर पड़े मिले और कई गौवंशीय पशु मरणासन्न अवस्था में देख बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हो गया। मामले में बजरंग दल ने कार्यवाहक कमिश्नर मुरादाबाद को फोन किया तो उनके द्वारा मामले में पशु चिकित्सक को गौशाला भेजने की बात कही गयी थी।

रविवार की दोपहर को बंजरग दल तथा अन्य गांव के अन्य युवक गौशाला पहुंचे और अव्यवस्थाओं को देख भड़क गए। गौशाला के पास ही गौवंशीय पशुओं के अवशेष मिले और कई गौवंशीय पशुओं को इस तरह मिट्टी में दबा दिया गया कि कोई भी शिकारी कुत्ता आकर उसे नोच-नोचकर खा जाए, जब सूचना आलाधिकारियों को दी तो उन्होंने व्यवस्था को दुरुस्त कराने का अश्वासन दिया। उधर बंजरग दल ने व्यवस्था सही न होने पर धरना देने की चेतावनी दी है। यह गोशाला ग्राम पंचायत से निजी प्रबंधन में ठेके पर दी गयी है, जिसका संचालाक रविन्द्र कुमार द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान धर्मेन्द्र सिंह, दिलावर सिंह, सोनू, सोमपाल, हिरदेश, अभय प्रताप, तुषार, अभिजीत, दिपेश आदि मौजूद रहे।

बंजरग दल कार्यकर्ता धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि अगर व्यवस्था दुरुस्त नहीं होगी तो धरना होगा। गौशाला में गौमाता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। कमिश्नर साहब से बात हुई तो उन्होंने चिकित्सक को भेजने की बात कही है। गौशाला प्रबंधक रविन्द्र कुमार का कहना है कि दो माह पूर्व ही गौशाला में पहुंचे हैं। चार गौवंशीय पशु सड़क हादसे में घायल गौशाला पहुंचे थे, जिनका उपचार चल रहा है। जल्द ही सभी व्यवस्था पूर्ण हो जाएगी, जब वह आए तो सब कुछ उथल-पुथल था, व्यवस्था करने में समय लगता है।

# तिरंगे की थीम पर राखियां बनाकर सैनिकों को भेजीं




**बिजनौर (चिंगारी)।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय नसीरी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लायंस क्लब की सदस्याओं द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रक्षाबन्धन व आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबकी तालियां और वाहवाही बटोरीं, इसके उपरांत बच्चों ने सैनिक भाइयों के लिए 'राखी मेकिंग प्रतियोगिता' में प्रतिभाग किया। बच्चों ने तिरंगे और पारंपरिक थीम पर आधारित सुंदर-सुंदर राखियां बनाकर सभी का मन मोह लिया। लायंस क्लब की सदस्याओं ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार और मिष्ठान भी वितरित किये गये। विद्यालय की एकल शिक्षिका श्रीमती रंजना हरित व अमित कुमार (स्टाफ) को उनके सेवा, समर्पण और बच्चों के सर्वांगीण विकास में दिये जा रहे योगदान के लिए सम्मानित किया।

# न्यायिक अधिकारियों का कार्यक्षेत्र में बदलाव

**बिजनौर (चिंगारी)।** उच्च न्यायालय ने विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट लोकेश नागर को विशेष सत्र न्यायाधीश ईसी एक्ट नियुक्त किया है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा नोटिफिकेशन के अनुसार अतिरिक्त विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट लोकेश नागर को यहीं पर विशेष सत्र न्यायाधीश ईसी एक्ट बनाया गया है, जबकि विशेष सत्र न्यायाधीश ईसी एक्ट सीमा वर्मा को यहीं पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। विशेष सत्र न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट सुनील कुमार तृतीय को यहीं पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है,जबकि बिहार से स्थानांतरित होकर आई अर्पणा पांडे को विशेष सत्र न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट बनाया गया है।

DMF धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# मंदिर में चोरी का खुलासा

## दानपात्र, नकदी व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

## बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में

**झालू (चिंगारी)।** थाना हल्दौर पुलिस ने झालू के शिव मंदिर से दानपात्र चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किया गया लोहे का दानपात्र, 3,890 रुपये की नकदी तथा वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।

झालू चौकी प्रभारी रजत सिंह ने बताया कि मौहल्ला महाजनान निवासी ज्ञानेश्वर ने थाना हल्दौर में तहरीर देकर बताया था कि मौहल्ला चौधरियान स्थित शिव मंदिर से लोहे का दानपात्र चोरी हो गया है। दानपात्र में करीब पांच हजार रुपये की नकदी थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। हल्दौर कोतवाल बिजेन्द्र सिंह राठी के नेतृत्व में झालू चौकी प्रभारी रजत चौधरी की टीम कांस्टेबल अमित कुमार एवं कांस्टेबल आकाश ने तत्परता दिखाते हुए सुराग जुटाए और लगातार कार्रवाई कर 24 घंटे के अंदर ही घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुकदमे में वांछित बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेते हुए उसकी निशानदेही/कब्जे से चोरी किया गया दानपात्र, उसमें से बरामद 3,890 रुपये की नकदी तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की।

# राखी बांधने का शुभ मुहूर्त प्रातःकाल 5.57 बजे से 9.48 बजे तक

**नांगल सोती (चिंगारी)। 28 अगस्त को पूर्णिमा तिथि सुबह 9.48 बजे ही समाप्त हो जायेगी। इसके चलते इस बार पंचांग के अनुसार राखी बांधने का शुभ समय प्रातःकाल 5.57 से सुबह 9.48 बजे तक रहेगा।**

पंचांग गणना के अनुसार पूर्णिमा तिथि 27 अगस्त की सुबह लगभग 9.08 बजे से शुरू होगी तथा 28 अगस्त की सुबह 9.48 बजे समाप्त होगी। सनातन धर्म में अधिकांश पर्व उस दिन मनाये जाते हैं, जिस दिन पर्व की तिथि में सूर्योदय हो रहा हो। इसलिये रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त को मनाया जायेगा। शास्त्रों के अनुसार राखी का मुख्य अनुष्ठान पूर्णिमा



तिथि रहते ही पूरा कर लेना चाहिये। 28 अगस्त को सुबह का समय विशेष रूप से खास माना जा रहा है। धार्मिक परम्परा में राखी बांधने के लिये भद्रा का विशेष ध्यान रखा जाता है। भद्रा काल में राखी बांधने की मनाही बतायी जाती है। 27 अगस्त को पूर्णिमा शुरू होने के साथ भद्रा का प्रभाव रहेगा, लेकिन 28 अगस्त की सुबह सूर्योदय से पहले ही भद्रा समाप्त हो जायेगी। इसलिये रक्षाबंधन के दिन सुबह को राखी बांधने के दौरान भद्रा बाधक नहीं होगी।

### अभिजीत मुहूर्त का समय

### 12.01 से 1.05 तक

**मुख्य शुभ मुहूर्त प्रातःकाल 5.57 बजे से सुबह 9.48 बजे तक, कुल अवधि 3 घंटे 51 मिनट, अभिजीत मुहूर्त (वैकल्पिक) दोपहर 12.01 बजे से अपराहन 1.05 बजे तक।**

# राणा फैमिली के ठिकानों पर ईडी का छापा

**मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )।** आज सुबह ईडी की छापामार कार्रवाई से नगर के उद्योग जगत में हड़कम्प मच गया। इसमें एक बार फिर से पूर्व विधायक शाहनवाज राणा से जुड़ी कंपनी के कथित फर्जीवाड़े पर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने शिकंजा कस दिया है। मेरठ रोड पर सूजड़ू चुंगी स्थित कार्यालय से चलाई जा रही कंपनी जम्बूद्वीप एक्सपोर्ट्स एंड इंपोर्ट्स लिमिटेड से जुड़े करीब 20 करोड़ रुपये के कथित फर्जी आईटीसी क्लेम के मामले में ईडी ने छापेमारी की कार्रवाई की है। कार्रवाई के बाद मामले ने राजनीतिक और कारोबारी गलियारों में हलचल बढ़ा दी है।

जनपद मुजफ्फरनगर में फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) और बिना माल की आवाजाही के फर्जी ई-वे बिल तैयार किए जाने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जंबूद्वीप एक्सपोर्ट्स एंड इम्पोर्ट्स लिमिटेड से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी की लखनऊ जोनल टीम ने कंपनी से जुड़े परिसरों पर कार्रवाई करते हुए मामले से संबंधित दस्तावेज और अन्य जानकारी जुटाई है। इसमें मेरठ रोड स्थित राणा हाउस पर आजाद समाज पार्टी के नेता पूर्व विधायक शाहनवाज राणा, उनके चाचा रालोद नेता पूर्व विधायक नूरसलीम राणा के आवासों पर भी ईडी पहुंची है और पूरे राणा हाउस को पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों ने अपने कब्जे में ले लिया। राणा हाउस परिसर में ही सपा नेता पूर्व सांसद कादिर राणा का भी आवास है। इसके साथ ही शाहनवाज राणा की इस कंपनी के कारोबार से जुड़े अन्य कंपनियों के लोगों के आवासों और परिसरों पर भी छापा मारा गया है। जनपद में चार स्थानों पर ईडी की टीम ने एक साथ यह कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार, प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 के तहत मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद और फरीदाबाद में कुल नौ ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है। ईडी के लखनऊ जोनल कार्यालय की टीम ने जम्बूद्वीप एक्सपोर्ट्स एंड इंपोर्ट्स लिमिटेड से जुड़े मामले में यह कार्रवाई की है। अधिकारियों के मुताबिक, संबंधित इकाई पर बिना माल की वास्तविक आवाजाही के फर्जी चालान और ई-वे बिल तैयार कर फर्जी आईटीसी बनाने और उसे आगे पास करने का आरोप है। अधिकारियों के मुताबिक, जीएसटी अधिकारियों की जांच में 9.63 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) कथित तौर पर गलत तरीके से हासिल करने और 10.28 करोड़ रुपये का आईटीसी आगे पास करने की बात सामने आई है, इसी इनपुट के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की है।



# सूखे कुएं में गिरा गुलदार

## वन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के ग्राम डल्हू धनौरा (धनौरी)में रात्रि में किसी समय एक सूखे कुएं में गुलदार गिरने से गांव में हड़कम मच गया। कई घंटे की मशक्कत के बाद गुलदार का सुरक्षित रेस्क्यू कर वन विभाग की टीम गुलदार को अपने साथ वन विभाग कार्यालय बिजनौर ले गई। डल्हू धनौरा निवासी उदय पाल सिंह का गांव के बाहर कुआं है। रात्रि में किसी समय एक गुलदार कुएं में गिर गया। सुबह सवेरे ग्रामीण जब जंगल की ओर जा रहे थे तो कुएं से गुलदार की दहाड़ सुनाई दी। ग्रामीणों ने कुएं में झांककर देखा तो उसमें गुलदार दिखाई दिया। जिसकी सूचना वन विभाग और पुलिस को दी गई। गुलदार को देखने के लिए मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई सूचना पर बरुकी पुलिस चौकी प्रभारी मुन्ना लाल यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं रेंजर महेश गौतम के नेतृत्व में वन विभाग की टीम भी पहुंच गई। टीम ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रस्सी के सहारे एक छोटी खाट(पीढ़ा) को कुएं में उतारा गया। इसके बाद गुलदार को खाट पर बैठाकर रस्सी के सहारे सुरक्षित बाहर निकाला गया। रेंजर महेश गौतम ने बताया कि गुलदार की उम्र करीब सवा साल है। रेस्क्यू के बाद उसे वन विभाग कार्यालय बिजनौर ले जाया गया। उच्च अधिकारियों के निर्देश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी रेस्क्यू टीम में रूचिन चौधरी, महेंद्र सिंह, अजय कुमार, मोहित, नीतीश कुमार और योगेंद्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

# किसानों का धरना पांचवें दिन भी जारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला गन्ना कार्यालय के कार्यालय पर किसानों का धरना आज पांचवे दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन बिजनौर के ज़िला अध्यक्ष विनोद कुमार उर्फ बिट्टू ने कहा कि 30 साल विलंब ब्याज भुगतान का हिसाब डीसीओ बिजनौर को देना ही होगा। राजपाल भगत जी ने कहा कि सरकार ने चीनी का रेट 70 रुपए किलो कर दिया है तो गन्ने का रेट 700 रुपए कुंटल क्यों नहीं करती। संगठन के पदाधिकारियों ने डीसीओ बिजनौर को चेताते हुए स्पष्ट कहा है यदि जल्द कोर्ट के आदेश पर 30 साल का हिसाब नहीं दिया गया तो संगठन 30 साल का विलंब गन्ने का ब्याज का हिसाब लेने के लिए महापंचायत का ऐलान करेगा। आज बिलाई मिल के जी एम को डीसीओ गन्ना कार्यालय पंचायत में बुलाकर बिलाई मिल के भुगतान एवं विलंब गन्ने के ब्याज का हिसाब लिया जाएगा। सभा में ज़िला अध्यक्ष विनोद कुमार उर्फ बिट्टू, ज़िला प्रभारी राजपाल भगत जी, नरेश लांबा, कीरतपुर ब्लॉक से रोहित राठी, मौ. नवेद, कपिल शर्मा, तेजवीर सिंह बुरहान, दिनेश, ओमेंद्र सिंह, पंकज त्यागी, मास्टर कल्याण सिंह, वीरेंद्र सिंह, अमित, सोनू प्रधान, राजेश, सूरवीर प्रधान, नौवीन त्यागी, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।



# ऑपरेशन सिंदूर में तबाह जैश हेडक्वार्टर दोबारा तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का वह ठिकाना, जिसे भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निशाना बनाया था, करीब 15 महीने बाद दोबारा तैयार कर लिया गया है। एक समाचार चैनल की रिपोर्ट में साइट से सामने आई तस्वीरों और वीडियो के आधार पर यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ठिकाने पर नई मार्बल, ताजा प्लास्टर और पेंट का काम कराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित जैश के इस मुख्यालय को अब इस तरह से दोबारा तैयार किया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर से हुए नुकसान के निशान काफी हद तक छिप गए हैं। भारत ने 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्रों में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय भी भारतीय वायुसेना के हमले की चपेट में आया था। ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकाने के कई हिस्सों को नुकसान पहुंचा था। ताजा तस्वीरों में मुख्य परिसर की मरम्मत पूरी होती दिखाई दे रही है।



# बिजनौर सुपर लीग के ट्रायल में 120 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

## खराब मौसम के चलते ट्रायल से वंचित खिलाड़ियों को 30 अगस्त को मिलेगा एक और मौका

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रविवार को नेहरू स्टेडियम में बिजनौर सुपर लीग के ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल में करीब 120 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई, जिसमें चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभाओं का चयन किया।

बिजनौर सुपर लीग को जिले की एक ऐतिहासिक क्रिकेट लीग के रूप में आयोजित किया जा रहा है। लीग की खास बात यह है कि पहली बार विजेता टीम को निसान मैग्नाइट कार, जबकि रनरअप टीम को बुलेट बाइक पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। जिले में इस तरह के आकर्षक पुरस्कार पहली बार दिए जा रहे हैं, जिससे खिलाड़ियों में खासा उत्साह और हर्ष का माहौल है।




लीग का आयोजन मोहम्मद शरीक़, सभासद द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार को खराब मौसम के कारण जो खिलाड़ी ट्रायल में शामिल नहीं हो सके, उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का एक और अवसर दिया जाएगा। ऐसे खिलाड़ी 30 अगस्त को आयोजित होने वाले ट्रायल में हिस्सा ले सकते हैं। रविवार को आयोजित ट्रायल के दौरान सीनियर खिलाड़ी साकिब ज़फ़र, शबान, फ़हीम, सादिक़, अरशद, फ़ैज़, सादिक़ शरीक, शाहकार, कामरान, आफ़ताब, दिलशाद और सादात आदि उपस्थित रहे।

# पानी तो उतरा, पर अभी टला नहीं ख़तरा

## ट्रैक्टर और नाव का सहारा ले रहे खादर क्षेत्र के लोग

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के मीरापुर सीकरी और रायपुर खादर सहित गंगा खादर में पिछले लगभग तीन सप्ताह से मंडरा रहा बाढ़ का खतरा हालांकि अभी टला नहीं है, फिर भी रविवार को जल स्तर में कमी आने से वहां के किसानों और पशुपालकों को राहत अवश्य मिली है, क्योंकि बाढ़ प्रभावित सभी गांव में पशुओं के लिए चारे की समस्या बनी हुई है। भूखे-प्यासे पशुओं की चारे की व्यवस्था करने में पशुपालकों को जान जोखिम में डालना पड़ रहा है।**

शनिवार व रविवार को सुबह सवेरे रायपुर खादर तथा हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के मीरापुर सीकरी गांव के किसान और पशुपालक बाढ़ के पानी के बीच से होकर खेतों पर पहुंचे। उन्हें 2 से 3 किलोमीटर पानी में ट्रैक्टर, नाव और पैदल चलकर सफर करना पड़ा। मीरापुर सीकरी के लोग रोजमर्रा के जरूरी कामों के लिए ट्रैक्टर या नाव का सहारा ले रहे हैं। काबुल सिंह, मलकीत सिंह, जयदीप सिंह, आकाश सिंह, खुशप्रीत सिंह, प्रताप सिंह, पंजाब सिंह, गुलाब सिंह, लक्खा सिंह, जसवंत सिंह आदि का कहना है कि बाढ़ का पानी कम होने से थोड़ी राहत तो मिली है, लेकिन खतरा अभी टला नहीं। उन्होंने शासन-प्रशासन से गंगा किनारे एक मजबूत तटबंध का निर्माण कराए जाने की मांग की है। मालूम हो कि हर बार खादर क्षेत्र में बरसात का मौसम तबाही लेकर आता है। सरकारी नुमाइन्दे आते हैं और आश्वासन देकर चले जाते हैं समस्या का समाधान आज तक नहीं हो सका।



# मानदेय हुआ तीन हजार रसोइयों ने जताया आभार



**चांदपुर ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मानदेय 2 हजार से बढ़ाकर 3 हजार रूपए कर दिये जाने पर रसोइयों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। बीआरसी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री द्वारा स्कूलों में कार्यरत रसोइयों का मासिक मानदेय 2000 से बढ़ाकर 3000 कर दिया गया है। रसोइयों का यह बढ़ा हुआ मासिक मानदेय इसी माह सितंबर से लागू होगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा रसोइयों को एस.बी.आई. के साथ एम.ओ.यू. के अंतर्गत 2 लाख दुर्घटना बीमा तथा मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के लिए 5 लाख तक का चिकित्सा कार्ड बनवाया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि कपिल चौधरी तथा हरिराज सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र सिंह द्वारा संबोधित किया। कार्यक्रम में लगभग 200 अध्यापक एवं रसोईयां उपस्थित रहे।

# दिल्ली पुलिस आरोपी को साथ लाई लेकिन चेन को बरामद नहीं करा पाई

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** चोरी का माल बरामद करने हीमपुर दीपा गांव पहुंची दिल्ली पुलिस को बैरंग ही लौटना पड़ा। वह आरोपी को अपने साथ लाई थी। उसकी निशान देही पर देर शाम एक ज्वैलर्स की दुकान पर घंटों मशक्कत करती रही, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। मामला ढाई तोले-सोने की चेन का बताया जा रहा है। चर्चा यह भी है कि आरोपी अपने गैंग के साथ दिल्ली में पिछले काफी समय से सक्रिय था। उसका दूसरा साथी भी पुलिस की हिरासत में बताया जा रहा है। दोनों आरोपी थाना क्षेत्र के सब्दलपुर गांव के बताए जा रहे हैं। सुना यह भी गया है कि दिल्ली पुलिस ने आरोपी के संबंध में सब्दलपुर गांव पहुंचकर जानकारी जुटाई। दिल्ली पुलिस की यह कार्रवाई इतनी गोपनीय ढंग से हुई कि किसी को कानों-कान खबर नहीं लग सकी। मोहल्ले में पुलिस को देख लोग सहम गये और पुलिस के डर से पास जाने का साहस न कर सके। यह मामला अब चर्चा का विषय बना है।

# आभा फाउंडेशन ने 1940 लोगों को चश्मे बांटे



**चांदपुर ( चिंगारी )।** सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित 8वें नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 1940 लोगों में चश्मों का नि:शुल्क वितरण किया गया। यह चश्मे उन लोगों को वितरित किए गए, जिनकी आंखों की जांच 16 अगस्त 2026 को आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर में की गई थी। फादरसन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में चश्मे प्राप्त करने पहुंचे लाभार्थियों ने आभा फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फाउंडेशन द्वारा न केवल आंखों की जांच कराई गई, बल्कि जांच के बाद जरूरतमंद लोगों को उनकी आंखों के नंबर के अनुसार बेहतरीन गुणवत्ता के चश्मे भी नि:शुल्क उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर आभा सिंह ने कहा कि आभा फाउंडेशन का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य एवं जनसेवा की सुविधाएं पहुंचाना है। इसी उद्देश्य के साथ लगातार नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर, चश्मा वितरण एवं अन्य सेवा कार्य किए जा रहे हैं।

# सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होने को निमंत्रण पत्र दिये

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी वैलफेयर सोसाइटी (पंजी.) बिजनौर के तत्वावधान में आयोजित होने वाले सैनी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह की सफलता एवं समारोह में आमंत्रण हेतु सोसाइटी के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर स्वजातीय गणमान्य नागरिकों से सम्पर्क किया। संस्था के अध्यक्ष कल्याण सिंह एवं महामंत्री देवेन्द्र सैनी ने बताया कि 30 अगस्त, 2026 को शहनाई बैंकेट हॉल, बिजनौर में पूर्वाहन 10 बजे से सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि समारोह में शैक्षिक सत्र 2025-26 में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक या किसी भी तकनीकी शिक्षा की फाइनल परीक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही राजकीय सेवाओं में चयनित होने वाले स्वजातीय युवाओं तथा वर्ष 2026 में सेवानिवृत्त हुए स्वजातीय अधिकारियों-कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष एवं महामंत्री के अलावा सूरजमल सैनी, डा. शिवराज सिंह, मा. राजपाल सिंह, अनिल सैनी आदि ने क्षेत्र के गांवों जीतपुर, नांगल, कोटसराय, भागूवाला, रामपुर चाठा, चिड़ियापुर, कोटावाली का दौरा कर स्वजातीय बंधुओं को आमंत्रण-पत्र सौंपे तथा कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

# स्कूल की खिड़की का पट खुला मिला



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम रतनपुर खुर्द में स्थित प्राथमिक विद्यालय के स्टाफ द्वारा सुबह सवेरे कार्यालय का जब ताला खोला गया, तो उन्हें खिड़की का एक पट गायब मिला और सभी सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। यह देख उनके होश उड़ गए। वहां से कुछ चोरी हुआ या नहीं यह तो पता नहीं चल सका। फिर भी विभागीय अधिकारियों को घटना से अवगत करा दिया गया है। मालूम हो कि विद्यालय में काफी समय तक चार्ज को लेकर पूर्व में काफी विवाद रहा है। हालांकि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कार्यवाहक प्रधानाचार्य को ही चार्ज दिलवाकर विवाद का निपटारा करवा दिया गया था, जिसमें दूसरे पक्ष ने हाईकोर्ट की शरण में जाकर न्याय की गुहार लगाई थी, जो विचाराधीन है। यह असामाजिक तत्वों की करतूत है या फिर कुछ और अभी कुछ कहा नहीं जा सकता।

# शिव मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** सावन मास के चौथे एवं अंतिम सोमवार के अवसर पर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शिवभक्तों ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर देवों के देव महादेव से परिवार में सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। ग्राम जीतपुर-शहजादपुर की सीमा पर तथा थाने के सामने स्थित शिव मंदिर पर शिवभक्तों की सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ी। यहां श्रद्धालु तड़के 4 बजे से ही पहुंचने शुरू हो गये थे। सूर्योदय होने पर यहां श्रद्धालुओं की लाइन लग चुकी थी। कई घंटे तक यहां श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। नांगल के मुख्य बाजार में स्थित शिव मंदिर, छतरी वाले कुएं के सामने स्थित शिव मंदिर, चमेली वाले शिव मंदिर, खानपुर में प्राचीन कुआं शिव मंदिर, नाथ जी की कुटी वाले मंदिर, शहजादपुर में स्थित शिव मंदिर पर भी काफी संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की आराधना करने पहुंचे। 28 अगस्त को श्रावण मास का समापन हो जायेगा।



थाने के सामने स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर पर लगी श्रद्धालुओं की लाइन।

# घर में घुसकर बछड़े को पीछे से खा गया गुलदार


फाइल फोटो

भूतपुरी ( चिंगारी )। थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव खैरूल्लापुर निवासी त्रिलोक सिंह की गाय ने तीन माह पूर्व एक बछड़े को जन्म दिया था, वह बछड़ा तथा मां गाय गऊशाला में बंधे थे। रात को लगभग एक बजे अचानक गुलदार हमला कर बछड़े को पीछे से आधा खा गया। बछड़े ने मौके पर दम तोड़ दिया। घर स्वामी को जब खट-पट की आवाज सुनाई दी तो वह उठकर सीधे गाय व बछड़े के पास पहुंचा। मौके पर बैठे गुलदार ने उनके ऊपर छलांग लगा दी। चीख की आवाज सुनकर पड़ोसी हीरा सिंह, लक्ष्मण सिंह, करतार सिंह, अर्जुन सिंह, गुरदीप सिंह आदि ने मौके पर आकर मृतक बछड़े के पास से लाठी-डंडों से गुलदार को खदेड़ा। इस घटना से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। मौके पर वनकर्मी अब्बास ने पिंजरा लगाने की बात कही।

# चन्द्रवीर सिंह डबास जिला प्रमुख महासचिव पद पर बहाल

हल्दौर ( चिंगारी )। हल्दौर क्षेत्र के सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पूर्व जिला प्रमुख महासचिव चंद्रवीर सिंह डबास के पदमुक्त का आदेश पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार राठौर ने प्रदेश अध्यक्ष की निर्देश पर निरस्त करते हुए उन्हें पुन: जिला प्रमुख महासचिव के पद पर बहाल कर दिया है, जिससे उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।

विगत 15 जुलाई को पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार राठौर ने क्षेत्र के ग्राम फड़ियापुर निवासी चंद्रवीर सिंह डबास को जिला प्रमुख महासचिव के पद से पदमुक्त कर दिया था। लेकिन उनकी पार्टी के प्रति ईमानदारी, वफादारी और कर्मठता को देखते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत बंजारा ने जिलाध्यक्ष अशोक कुमार राठौर को उन्हें बहाल करने के निर्देश दिए। जिस पर जिलाध्यक्ष ने उन्हें पुन: जिला प्रमुख महासचिव बिजनौर के पद पर बहाल करते हुए उन्हें बहाली का पत्र सौंप दिया और आशा व्यक्त की है कि वह गत वर्षों की भांति पार्टी के रीति-नीति का प्रचार-प्रसार व संगठन को मजबूत करने का कार्य पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ प्रभावी ढंग से निष्ठापूर्वक करेंगे।



उधर, चंद्रवीर सिंह डबास ने पुन: पद पर बहाल होने पर खुशी जाहिर करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।

# रसगुल्लों की दुकान का उद्घाटन



किरतपुर ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत व तहसील महासचिव हितेश चौधरी ने ग्राम आलोपुर में भाकियू कार्यकर्ता नरेश कुमार द्वारा रसगुल्लों की दुकान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर हितेश चौधरी व अरविंद राजपूत ने सभी किसानों व युवाओं से कहा कि कृषि के साथ और व्यापार भी करें, तभी ज्यादा तरक्की होगी और आपके साथ अन्य लोगों को भी रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर शैलेंद्र चौधरी, भोला कुमार, अनिल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मुकुल राजपूत व देशराज सिंह आदि काफी संख्या में भाकियू कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

# लच्छीरामपुर में हुआ सपा का पीडीए चर्चा कार्यक्रम



किरतपुर ( चिंगारी )। समाजवादी पार्टी के आह्वान पर 'चलो समाजवाद का अलख जलायें, प्रदेश में सपा की सरकार बनाएं' के तहत निकटवर्ती ग्राम लच्छीरामपुर में पीडीए चर्चा कार्यक्रम हुआ, जिसमें बोलते हुए नगीना के समाजवादी पार्टी के विधायक मनोज पारस ने ग्रामीणों को भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को बताया। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों व आरक्षण को खत्म करने की साजिश रच रही है, जाति जनगणना होना ही भाजपा सरकार की हार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान विपिन कुमार तथा संचालन शेख मोहम्मद जाहिद ने किया।

# वार्ड में डस्टबिन वितरित किये



हल्दौर ( चिंगारी )। नगर पालिका परिषद के 'स्वच्छ वार्ड स्वस्थ परिवार' अभियान के तहत नगर के वार्ड नंबर 13 बीबी वाला कुआं में वार्ड की सभासद तरन्नुम परवीन द्वारा सभी वार्डवासियों को साफ़-सफ़ाई के लिए डस्टबिन वितरित किये गये। रविवार को सभासद तरन्नुम परवीन पत्नी पूर्व सभासद मरहूम गुलफाम फरीदी के पुत्र मोहम्मद वसी व पुत्री अलीना नाज ने स्वच्छता अभियान के तहत वार्ड को साफ़, सुंदर और स्वच्छ बनाने के मकसद से नगर पालिका कर्मियों के साथ सभी वार्डवासियों को डोर-टू-डोर डस्टबिन वितरित किए और सभी से विनम्र अनुरोध किया कि घर का कूड़ा डस्टबिन में ही डालें और आसपास गंदगी न फैलाएं। यदि हम सभी मिलकर स्वच्छता का ध्यान रखेंगे, तो हमारा वार्ड साफ रहेगा और बीमारियों से भी बचाव होगा। आइए, हम सब मिलकर अपने वार्ड नंबर 13 को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लें और इस अभियान में अपना पूरा सहयोग दें।

# गाय चुराकर ले जा रहे दो आरोपियों को पकड़ा

अफजलगढ़ ( चिंगारी )। कालागढ़ क्षेत्र में गाय चोरी कर ले जा रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी अपने दो साथियों के साथ हाईडिल कॉलोनी से गाय चोरी कर ले जा रहे थे। गाय के मालिक ने पीछा कर दो आरोपियों को गाय समेत पकड़ लिया। इस दौरान दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, 22 अगस्त को विरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम छजवनवाला धारा, थाना रेहड़ और रमेश चन्द्र निवासी ग्राम फतेहपुर धारा, थाना रेहड़ अपने दो अन्य साथियों के साथ कालागढ़ की हाईडिल कॉलोनी से एक गाय चोरी कर ले जा रहे थे। इसी दौरान गाय के मालिक को उनकी गतिविधियों पर शक हो गया। उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी और आरोपियों का पीछा शुरू कर दिया। हाईडिल कॉलोनी के बाहर गाय के मालिक ने विरेन्द्र सिंह और रमेश चन्द्र को चोरी की गई गाय के साथ पकड़ लिया। वहीं उनके साथ मौजूद दो अन्य आरोपी मौका पाकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर कालागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। गाय के मालिक की तहरीर पर थाना कालागढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।



# शिव भक्ति से ही जीवन का कल्याण संभव - रामदास जी महाराज

हल्दौर ( चिंगारी )। श्री सत्संग मंडल हल्दौर के तत्वावधान में नवीन मंडी समिति परिसर में श्रावण मास के पावन अवसर पर चल रही सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के छठे दिन रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वृंदावन धाम से पधारे श्री रामकृपा धाम आश्रम के पीठाधीश्वर एवं कथा व्यास परम पूज्य रामदास जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, भक्ति और सदाचार का महत्व समझाया।

कथा व्यास ने कहा कि भगवान शिव करुणा और कल्याण के स्वरूप हैं। सच्चे मन से की गई शिव आराधना और शिव महापुराण का श्रवण मनुष्य के जीवन को आध्यात्मिक दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में सत्य, संयम, सेवा, सदाचार और गुरु के बताए मार्ग का पालन करना चाहिए। केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि अपने आचरण में धर्म को उतारना ही सच्ची शिव भक्ति है। महाराज जी ने श्रद्धालुओं को शिव भक्ति के साथ माता-पिता, गुरुजनों और संतों का सम्मान करने तथा जरूरतमंदों की सेवा करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अभिमानी व्यक्ति का जीवन एक दिन अंधकारमय हो जाता है। जो व्यक्ति महादेव की भाव मुद्रा में रहता है वह सदैव खुशहाल रहता है। महाराज श्री ने भगवान शंकर के दशावतारों का वर्णन किया। कथा के दौरान भगवान शिव के विभिन्न दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल पर भजनों एवं धार्मिक जयघोष से वातावरण पूरी तरह शिवमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव' और 'श्री शिवाय नमस्तुभ्यं' के जयघोष लगाए। कथा के अंत में भगवान शिव की आरती की गई तथा श्रद्धालुओं ने सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कथा के आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे।



# सावन के अंतिम सोमवार को मोटा महादेव पर जलाभिषेक को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी





## एसडीएम-सीओ ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। श्रावण मास के चौथे आखिरी सोमवार को मोटा महादेव मंदिर सहित सभी शिव मंदिरों में जलाभिषेक व पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। क्षेत्र के प्रसिद्ध प्राचीन मोटा महादेव सिद्ध पीठ मंदिर पर सोमवार को सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं की जलाभिषेक के लिए लंबी लाइन लगनी शुरू हो गई। मंदिर परिसर में चारों ओर घंटों व जयकारों की आवाज गूंजती रही। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल चढ़ाकर बाबा भैरो का सोठा लगवाकर नंदी जी पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारी शशिनाथ श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना कराने के साथ व्यवस्था बनाने में लगे रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह, मोटा महादेव पुलिस चौकी इंचार्ज सोनू कुमार सहित पुलिस बल तैनात रहा। थाना प्रभारी ने क्षेत्र में भी गश्त कर कांवड़ मार्ग पर विशेष निगरानी रखी। सोमवार को हरिद्वार से चलकर आने वाले काफी संख्या में शिवभक्त डाक कांवड़ मार्ग से होकर निकले। शिवभक्त जल लेकर मोटा महादेव मंदिर पर जलाभिषेक कर अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़ रहे है। एसडीएम शैलेंद्र कुमार व सीओ आकांक्षा गौतम ने मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर कार्वड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद, भगवान भोलेनाथ का लिया आशीर्वाद

नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के प्रसिद्ध प्राचीन मोटा महादेव शिव मंदिर परिसर में रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। श्रद्धालुओं व शिवभक्त कांवड़ियों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। भगवान भोलेनाथ को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया गया। इसके बाद देर शाम तक श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे दिन मंदिर परिसर हर-हर महादेव व जय शिव शंभू के जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते मंदिर परिसर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति के पदाधिकारियों, सेवादारों व स्थानीय ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा, पेयजल व स्वच्छता समेत अन्य व्यवस्थाएं भी की गई थीं।

## नवागत एसपी ने मोटा महादेव मंदिर पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नवागत एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने जनपद में आगमन के बाद पहली बार थाना मंडावली क्षेत्र में कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। वह मोटा महादेव शिव मंदिर पहुंचे व कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत सुरक्षा व यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी अलर्ट मोड में नजर आए। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कांवड़ मार्ग के साथ ही मोटा महादेव मंदिर व उसके आसपास की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती, सुरक्षा व्यवस्था व यातायात संचालन की स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें कांवड़ यात्रा को लेकर की गई व्यवस्थाओं से अवगत कराया। एसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को कांवड़ियों की सुरक्षा व सुगम यातायात को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के लिए निर्देशित किया।

## मूलचंद एकेडमी में ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन



नजीबाबाद (चिंगारी)। मूलचन्द एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एसबीए देहरादून की छात्रा आराध्या ने गोल्ड मेडल, भारान्सी ने सिल्वर मेडल, एसजीआर देहरादून काँसा मेडल आयुष्मी डीपीएस गाजियाबाद वंशिका को प्राप्त हुआ। गुरुकुल सैनिक स्कूल अन्डर 1968 केजी से ऊपर वर्ग में नैना सिंह एसजी पब्लिक स्कूल गाजियाबाद ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रजत पदक ख्याति सिंह जेपी पब्लिक स्कूल, काँसा पदक अम्बी शर्मा, बीआई इन्टरनेशनलन स्कूल काँसा पदक बालिका सेजल कर्णवाल, बीएजे स्कूल वसुन्धरा अन्डर 19 बालिका 63 से 68 के वर्ग में स्वर्ण पदक दिव्यांशी नेगी, आर्डन प्रोगैसेव स्कूल हल्द्वानी उत्तराखण्ड रजत पदक अक्षिता कुकरेती, एसजीआरआर पब्लिक स्कूल काँसा पदक नियति सिंह, जेपी पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोयडा सृष्टि तेवतिया, डॉ. केएन मोदी ग्लोबल स्कूल मोदीनगर गाजियाबाद। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक अनिल चौहान व विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह उपस्थित रहे।

## महाकाल भक्त मंडल परिवार ने शिवलिंग का नंदी स्वरूप में किया श्रृंगार



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के सुराही बाजार स्थित प्रजापति शिव मंदिर पर महाकाल भक्त मंडल परिवार द्वारा ब्रह्म मुहूर्त में प्रत्येक दिन हो रहे रुद्राभिषेक की श्रृंखला में श्रावण मास के चतुर्थ एवं अंतिम सोमवार के अवसर पर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। शिवलिंग का नंदी स्वरूप में भव्य श्रृंगार किया गया। सभी शिव भक्तों को आरती के बाद प्रसाद वितरण किया। पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक वेद पाठी पंडित मयंक भारद्वाज द्वारा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर सौरभ कुमार, देवेंद्र प्रजापति, अमित चौहान, हर्ष शर्मा, आदित्य अग्रवाल, सागर, प्रदीप, रंजन राजपूत, अभिनव अग्रवाल, दीपक, राजेश, आयुष्मान आदि मौजूद रहे।

## रसोइयों को कैशलेस कार्ड व बढ़े मानदेय के चेक दिये

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी जनपदों, तहसीलों पर रसोइयों के सम्मान समारोह के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री द्वारा संबोधित किया गया। जिसका सीधा प्रसारण कवि दुष्यंत कुमार सभागार नजीबाबाद में दिखाया गया। मुख्यमंत्री द्वारा रसोइयों के मानदेय में एक हजार प्रति माह की बढ़ोतरी के साथ पांच लाख की कैशलेस कार्ड की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, एसडीएम शैलेंद्र कुमार, भाजपा नेता के चैधरी ईशम सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन गुप्ता द्वारा सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर किया गया। समग्र विद्यालय कनकपुर कला की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर समग्र विद्यालय कनकपुर कला की रसोइया शोभा देवी को कैशलेस कार्ड एवं समग्र विद्यालय जालपुर की रसोइया बीना देवी को बढ़े हुए मानदेय का चेक प्रदान किया गया। कनकपुर कला की छात्रा नसरा एवं सादिया ने अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा भाजपा सरकार सबको साथ लेकर चल रही है। आदित्यनाथ की सरकार प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र का विकास कर रही है। इसी के चलते शिक्षामित्र अनुदेशकों, पीआरडी के जवानों व अब रसोईयाओं का मानदेय बढ़ाकर एवं उन्हें कैशलेस सुविधा आयुष्मान कार्ड बनाकर बड़ा काम किया है। चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि सभी रसोइया माताएं बहने अपने-अपने स्कूल में साफ सफाई का ध्यान रखते हुए स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को पूरे श्रद्धा भाव से भोजन खिलाकर सरकार की योजनाओं को धरातल लागू कर रही है। खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन ने कार्यक्रम में आने पर सभी अतिथियों एवं रसोईया बहनों का धन्यवाद किया। एआरपी डॉ. राहुल वर्मा द्वारा विभागीय संबंधित विभिन्न जानकारियों का विस्तृत रूप प्रस्तुत की गई।



रसोइयां को मानदेय का चेक भेंट करते ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल।

# चीनी की नहीं होने दी जायेगी कालाबाजारी, बोले पूर्ति अधिकारी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशन में जनपद में चीनी के अवैध भंडारण, जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विभाग की 11 टीमों ने जनपद के विभिन्न नगरों एवं ग्रामीण बाजारों में खाद्य दुकानों का औचक निरीक्षण कर चीनी के स्टॉक एवं उपलब्धता की जांच की।

जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर विभागीय टीमों द्वारा कोटद्वार, पौड़ी, श्रीनगर, पाबौ, लैंसडाउन, सतपुली, लक्ष्मणझूला, चौबट्टाखाल, रिखणीखाल, दुगड्डा और उफरैंखाल बाजारों में खाद्य दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान दुकानदारों को निर्धारित नियमों का पालन करने तथा चीनी का अनावश्यक रूप से भंडारण न करने के निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की कालाबाजारी अथवा अवैध बिक्री में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा कि उपभोक्ताओं को आवश्यक खाद्य सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा बाजारों में लगातार निगरानी रखी जा रही है। आगे भी नियमित एवं औचक चैकिंग अभियान जारी रहेगा।



दुकान का निरीक्षण करते हुए पूर्ति अधिकारी।

## स्टेशन के बाहर दुकानदारों का धरना जारी
## समर्थन में कल बाजार बंद रखेंगे व्यापारी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रेलवे स्टेशन के बाहर दशकों से संचालित 60 से अधिक दुकानों को हटाने के नोटिस के विरोध में व्यापारियों का आंदोलन तेज हो गया है। धरने के पांचवें दिन को व्यापारियों ने इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई न होने पर मंगलवार को कोटद्वार बाजार बंद रखने की चेतावनी दी। लोनिवि की ओर से रेलवे स्टेशन के बाहर बनी खोखानुमा दुकानों से जुड़े कारोबारियों को 18 अगस्त के बाद दुकानें हटाने का नोटिस जारी किया गया था। इसके विरोध में नगर उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले कारोबारी 19 अगस्त से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर व्यापार मंडल के महामंत्री नवीन गोयल ने कहा कि प्रशासन ने यदि सोमवार तक दुकानों को हटाने का फैसला वापस नहीं लिया तो मंगलवार को कोटद्वार का बाजार बंद कराया जाएगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रवीण भाटिया ने कहा कि व्यापारियों की लड़ाई किसी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ नहीं, बल्कि अन्याय के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि जिन दुकानों से कारोबारी परिवार दशकों से अपनी आजीविका चला रहे हैं, उन्हें हटाने से कई परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। सरकार को इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। धरने में सुनील गोयल, अज्जू भाटिया, आनंद सिंघानिया, वीरेंद्र वर्मा, दिनेश कुमार, भूपेश ढौंडियाल, प्रदीप ढौंडियाल, दीवान सिंह नेगी और विनोद नेगी सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## दीपिका कोटनाला व श्रुति को सम्मानित किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना के अंतर्गत चयनित विद्यालय की छात्रा दीपिका कोटनाला और विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित क्षेत्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाली छात्रा श्रुति को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के आचार्य रोहित बलोदी ने बताया कि मुख्यमंत्री उदयीमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की छात्रा दीपिका कोटनाला ने जनपद स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, वहीं दूसरी ओर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा शिकारपुर, (बुलंदशहर) में आयोजित क्षेत्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में विद्यालय की एक और छात्रा श्रुति ने कांस्य पदक हासिल किया और अब वह अगले चरण में दिसम्बर माह में बिहार में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। विद्यालय की दोनों होनहार खिलाड़ियों को प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, उप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला एवं प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहे।

## विद्यालयों में छात्र परिषद का हुआ गठन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** एमकेवीएन एजुकेशनल ग्रुप के दुर्गापुरी और शिब्बूनगर स्थित विद्यालयों में छात्र परिषद का गठन करते हुए अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। दुर्गापुरी स्थित एमकेवीएन स्कूल में गठित छात्र परिषद में काव्य गुसाईं हेड ब्वाय एवं आराध्या रावत को हेड गर्ल चुना गया। वहीं सक्षम रावत व आरूषि रावत को स्कूल कैप्टन, सौहार्द नेगी व हर्षिका नेगी को कल्चर हैड, शौर्य रावत व नविका भट्ट को डिसिप्लिन हेड, अनिकेत असवाल को राजा दुष्यंत सदन कैप्टन, रिशांत चौधरी को मां शकुन्तला सदन कैप्टेन, परिणीति को महर्षि कण्व सदन कैप्टेन व सुलक्ष नेगी को सम्राट भरत सदन का कैप्टेन चुना गया। वहीं देवी रोड़ स्थित एमकेवीएन इण्टरनेशनल स्कूल में गठित छात्र परिषद में शिवांश नेगी को स्कूल हेड ब्वाय व प्रियांशी प्रजापति को हेड गर्ल चुना गया। वहीं नंदिनी तोमर को स्कूल कैप्टन, अक्ष रावत को स्पोर्टस कैप्टन, अंश व आरोही मलासी को डिसिप्लिन हेड, प्रतीक व आस्था बड्थ्वाल को कल्चर हैड चुना गया। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने बैज व शैशे पहनाकर उन्हें शपथ दिलाकर कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## .. भावहीन मनुज को कभी भी मिलता यूं वरदान नहीं

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् हरिद्वार इकाई के महामंत्री एवं कवि डॉ. विजय कुमार त्यागी के सान्निध्य में एक कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कवि डॉ. सुशील कुमार त्यागी अमित ने किया। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज त्युंखर (रुद्रप्रयाग) के प्रवक्ता एवं कवि डॉ. अरुण किशोर भट्ट पधारे। कवि डॉ. अरुण किशोर भट्ट ने अपनी कविता भारत का जो भाल रहा है, पग पग मुझे संभाल रहा हैं, से श्रोताओं का मन मोह लिया। डॉ. सुशील कुमार त्यागी अमित ने कहा कि- 'जितना सरल समझते हो तुम कवि होना आसान नहीं, भाव हीन मनुज को कभी भी मिलता यूं वरदान नहीं'।

हिंदी संस्कृत कवि डॉ. विजय कुमार त्यागी ने यूं फरमाया- 'जो साधक नित भोर काल में समय से कविता करते हैं, वे अपने साहित्य सृजन में सदा उन्नति करते हैं। रुद्रप्रयाग से पधारे कविवर डॉ. अरुण किशोर भट्ट को काव्य सृजन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुरुकुल कांगड़ी दर्शन विभाग के असि. प्रोफेसर डॉ. बबलू वेदालंकार की भी गरिमामय उपस्थिति रही तथा श्रोताओं में अनीता, दीपशिखा, प्राची शिविजय, पवन आदि ने उपस्थित रहकर कविताओं का रसास्वादन किया।



डॉ. अरूण किशोर भट्ट को सम्मानित करते हुए।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उक्रांद ने विशेष बैठक बुलाई

## जन समस्याओं पर मंथन किया, चुनाव की रणनीति बनाई

**लालढांग ( चिंगारी )।** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) ने लालढांग क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को तेजी से चलाने के उद्देश्य एवं आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए, रविवार को लालढांग में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक में क्षेत्र की मुख्य जनसमस्याओं-सड़क, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर गहन चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष गोकुल सिंह रावत, सहित पदाधिकारियों ने कहा कि लालढांग की समस्याओं को सिर्फ सुना नहीं जाएगा, बल्कि उन्हें शासन-प्रशासन तक मजबूती से उठाया जाएगा। इस दौरान संगठन विस्तार के तहत नए पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए गए, जिनमें मंडल अध्यक्ष अरविन्द रावत, मंडल महामंत्री अंकित भंडारी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कपिल कांडपाल, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रितेश रावत, जिला मीडिया प्रभारी दिव्यांशी अमोली को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर बिलौचना देवी, कमला देवी, राधा देवी, गीता देवी, चंपा देवी, रोशनी देवी, मुन्नी देवी, अंजली रावत, जगदीश अमोली, कृतिमोहन द्विवेदी, दीपक सिंह रावत आदि लोगों ने यूकेडी की सदस्यता ली।




कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष गोकुल सिंह रावत, केंद्रीय व्यापार प्रकोष्ठ महामंत्री संदीप अग्रवाल, जिला महामंत्री रवि जैन, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, जिला महामंत्री सुरेंद्र रावत, जिला उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश बौठियाल और जिला उपाध्यक्ष कैप्टन नारायण सिंह रावत मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# यूपी में देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 17 आईएएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने रविवार देर रात प्रशासनिक महकमे में बड़ा फेरबदल करते हुए 17 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। तबादला सूची में कई मंडलायुक्तों और सचिव स्तर के अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं।

## मुरादाबाद मंडलायुक्त बनीं संगीता सिंह

अलीगढ़ की मंडलायुक्त संगीता सिंह को मुरादाबाद का नया मंडलायुक्त नियुक्त किया गया है।

मुरादाबाद के मंडलायुक्त रहे आंजनेय कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति 14 अगस्त को समाप्त हो गई थी। इसके बाद उन्हें उनके मूल कैडर सिक्किम वापस भेज दिया गया है। वहीं, लंबे समय से प्रतीक्षारत चल रहीं आईएएस अधिकारी अमृत पाल कौर को उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लिमिटेड में संयुक्त प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी दी गई है।

तबादला सूची के अनुसार, ओमप्रकाश आर्य को राजस्व परिषद, प्रयागराज के सदस्य (न्यायिक) पद से मंडलायुक्त अलीगढ़ बनाया गया है। गौरी शंकर प्रियदर्शी को आयुक्त ग्राम्य विकास एवं सचिव ग्राम्य विकास विभाग से महानिदेशक आयुष एवं मिशन निदेशक, राष्ट्रीय आयुष मिशन बनाया गया है। चैत्रा वी को महानिदेशक आयुष एवं मिशन निदेशक पद से सदस्य (प्रशासनिक), राजस्व परिषद, लखनऊ नियुक्त किया गया है।

प्रमोद कुमार उपाध्याय को सचिव समाज कल्याण विभाग से आयुक्त ग्राम्य विकास बनाया गया है। रवीन्द्र कुमार को सचिव नगर विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के प्रबंध निदेशक और राज्य मिशन निदेशक, अमृत के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है।

सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मासूम अली सरवर को उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के प्रबंध निदेशक तथा राज्य मिशन निदेशक, अमृत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। डॉ. राज शेखर को उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक से सचिव नियोजन विभाग और महानिदेशक अर्थ एवं संख्या बनाया गया है।

योगेश कुमार को आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता से प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) बनाया गया है। कुमार प्रशान्त को सचिव राज्य सूचना आयोग से आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता तथा गुर्राला श्रीनिवासुलु को सचिव सचिवालय प्रशासन विभाग से सचिव उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग नियुक्त किया गया है।

नवनीत सेहरा को अपर आबकारी आयुक्त बनाया गया है और उन्हें सहकारी चीनी मिल संघ के संयुक्त प्रबंध निदेशक पद से मुक्त किया गया है। देवेन्द्र कुमार पाण्डेय को विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा से विशेष सचिव उपभोक्ता मामले विभाग भेजा गया है।

विवेक श्रीवास्तव को सचिव लखनऊ विकास प्राधिकरण से विशेष सचिव पशुधन विभाग बनाया गया है। अमृत त्रिपाठी को सचिव उच्च शिक्षा विभाग से सदस्य (न्यायिक), राजस्व परिषद, प्रयागराज की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं ओमप्रकाश राय को राजस्व परिषद के सदस्य (न्यायिक) पद से विशेष सचिव उच्च शिक्षा विभाग के पद पर भेजा गया है।



महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234


खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A.,
F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर